


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -325 जबलपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का नव निर्मित फ्लाई-ओवर- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# एमपी.के 17 धार्मिक नगरों में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा

## मुख्यमंत्री ने गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक नव निर्मित फ्लाई-ओवर ब्रिज एवं एलिवेटेड कॉरीडोर का किया लोकार्पण

नरसिंहपुर-(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों पर शराब की दुकानों पर ताले लगाए जायेगें, इन नगरों में पूरी तरह से शराबबंदी की जायेगी। सीएम डा. मोहन यादव ने इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव गुरुवार को गोटेगांव पहुंचे थे।

सीएम ने शराबबंदी को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश के चयनित 17 धार्मिक नगरों में पूर्णतः शराबबंदी करने की बात कही। सीएम ने कहा, कि शराब को लेकर वे बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, उनकी सरकार ने निर्णय लिया है, कि जिन स्थानों का धार्मिक महत्व है। वहां पर पूर्ण रूप से शराबबंदी की जायेगी।

सीएम स्व. मणि नागेन्द्र सिंह फाउण्डेशन व सहयोग क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में शामिल हुए। संबोधन के दौरान सीएम यादव ने कहा, कि मध्यप्रदेश के वे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के चरण पड़े उन स्थानों को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा।



पांच साल में होगी 2.70 लाख युवाओं की भर्ती

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर सरकार नियुक्ति करने जा रही है। अगले पांच वर्ष में 2.70 लाख युवाओं की भर्ती करके सभी सरकारी पद भरे जाएंगे। लोक सेवा आयोग की लंबित सभी परीक्षाएं शीघ्र आयोजित की जाएंगी। सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, इनके कल्याण के लिए अभियान चलाकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को गोटेगांव में स्वर्गीय मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन और सहयोग क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रो-कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भोपाल को मिली 154 करोड़ रूपये की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात नगर के विकास को गति देगी। यह नव निर्मित फ्लाई-ओवर हमारे महान देशभक्त और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल, देश का दिल है। यह देश की सुंदरतम राजधानी है। वर्ष 1956 में जब मध्यप्रदेश का गठन हुआ था, उस समय भोपाल एक छोटा सा गांव था। लंबे समय तक इसका विकास रुका रहा। हमारी सरकारों ने इसका विकास किया। अब भोपाल का तेज गति से विकास किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुयोग है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर इसका लोकार्पण हो रहा है। यह पुल एक और नेताजी सुभाष चंद्र सेतु और दूसरी ओर वीर सावरकर सेतु को मिलाएगा। बड़ी चुनौतियों के बीच इस ब्रिज का निर्माण हुआ है, इसके लिए लोक निर्माण मंत्री और उनका विभाग बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में आवागमन की सुविधा की दृष्टि से 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को भोपाल में 3 किलोमीटर लंबे नव निर्मित फ्लाई-ओवर ब्रिज का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से ओबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारे महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, उन्हें हम हृदय से नमन करते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी और स्वतंत्रता संग्राम को नई राह दिखाई।

## केजरीवाल को दिखाए गए काले झंडे, हवा में फेंके गए डुप्लिकेट नोट

हरि नगर में करने गए थे रैली



नई दिल्ली-(आरएनएस)। हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार के बाद काले झंडे लहराए गए। रैली के बाद जब वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकले तो डुप्लिकेट नोट हवा में फेंके गए। हरि नगर से॒क्क विधायक, राजकुमारी ढिल्लों, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दिल्ली चुनाव 2025 लड़ रही हैं, हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र में अपने प्रचार के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से टकरा गईं।

अरविंद केजरीवाल सुरिंदर सेतिया के लिए प्रचार कर रहे थे, जिन्होंने हरि नगर विधायक राजकुमारी ढिल्लों की जगह ली है, जिन्हें पार्टी ने फिर से सीट से मैदान में उतारा है। प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साथा। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी दिल्ली आए हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि यूपी में सरकारी स्कूलों की हालत कितनी खराब है, उनकी सरकार 10 साल से ज्यादा समय से है, वह सरकारी स्कूलों को ठीक नहीं कर पाए। अगर उन्हें जरूरत पड़ी तो हम दिल्ली से अपना शिक्षा मंत्री भेजेंगे।

केजरीवाल ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को सिखाएंगे कि सरकारी स्कूलों को कैसे ठीक किया जाए। भारतीय जनता पार्टी 20 राज्यों में सत्ता में है, उनके सभी 20 राज्यों में सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। अगर बीजेपी कहेगी तो हम अपने शिक्षा मंत्री को बीजेपी वाले राज्यों में भेजेंगे। ताकि बीजेपी भी सीख ले और अपने राज्यों में सरकारी स्कूलों को दुरुस्त कर सके। योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी सरकार ने दिल्ली को ''कूड़े के ढेर'' में बदल दिया और लोगों की बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' सरकार ने शहर के ओखला क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बसने में मदद की।

## दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल-राहुल गांधी



नई दिल्ली. (आरएनएस)।दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों द्वारा बयानबाजी तेज कर दी गई है. आज कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल. राहुल गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया. पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण व भ्रष्टाचार, दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है. राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली अब मोदी व केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है. राहुल गांधी सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे. उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की. अपने खराब स्वास्थ्य के कारण राहुल गांधी को जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके.

## माता-पिता की आंखों के सामने गर्म तेल की कढ़ाई में गिरा 2 साल का बेटा, मौत से मातम में बदली खुशियां



भोपाल(आरएनएस)। घर में गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था। मेहमान जा चुके थे। साहू परिवार के लोग आपस में खुशी साझा कर रहे थे। वह इस बात से अनजान थे कि काल के क्रूर पंजे परिवार के दो वर्ष के बालक की तरफ बढ़ रहे हैं। कुछ देर बाद जब मासूम की चीख सुनाई दी, तो माता-पिता ने देखा कि बेटा गर्म तेल की कढ़ाई में पड़ा तड़प रहा है। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना निशातपुरा क्षेत्र के संस्कार गार्डन में सोमवार रात हुई। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक, शिव नगर, छोला निवासी राजेश साहू प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। उनके दो बच्चों में सात वर्ष के आरू के अलावा दो वर्ष का अक्षांश भी था।

## नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान, विकसित भारत के लिए एकजुट रहें



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली उनकी 128वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय युवाओं से विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती के पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेताजी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ नेताजी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेताजी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत %मेरे युवा भारत% को एक नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से %एक लक्ष्य-एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा आजाद हिंद। उन्होंने कहा कि नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में।



ममता बनर्जी ने केंद्र पर पैसे नहीं देने का लगाया आरोप, बोलीं

## हम भीख नहीं मांग रहे, आत्मसम्मान के लिए लड़ रहे

अलीपुरद्वार-(आरएनएस)। अलीपुरद्वार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर तीखा वार किया है। ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार हमें धन आवंटित नहीं कर रही है। हम भीख नहीं मांग रहे हैं। हम आत्मसम्मान के साथ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाय बागानों में काम करने वालों को जमीन के पट्टे दे रहे हैं। हम चाय बागान श्रमिकों को उनके घर के निर्माण के लिए 1,20,000 रुपये भी दे रहे हैं। इससे पहले ममता बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है और उन्होंने मालदा जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद आई है।

## मुंबई से महाकुंभ में जा रहे परिवार की कार खड़े ट्रक से टकराई, एक की मौत और सात घायल

कटनी (आरएनएस)। मुंबई से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे एक परिवार की कार गुरुवार की सुबह स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एनएच के घुघरी मोड़ पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि सात लोगों को चोट आई। वहीं चालक सहित एक युवक मामूली रूप से घायल हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही मामले की जांच कर रही है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि मूलतः झारखंड निवासी शाह परिवार के लोग मुंबई में रहते थे और कार से सभी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे। गुरुवार की सुबह उनकी कार जैसे ही स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एनएच बाइपास में घुघरी मोड़ के पास पहुंची चालक को नींद का झोंका आया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में जा घुसी। हादसे की जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। हादसे में घटनास्थल पर ही 36 वर्षीय आशा देवी शाह नामक महिला की मौत हो गई है जबकि घायल अनीता देवी शाह, संजू देवी शाह, मनोज प्रसाद शाह, किरण बाई शाह, प्रेम शाह, 10 वर्षीय आर्य शाह, 3 वर्षीय अभिनंदन शाह को घायल अवस्था में स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में चालक रामखेलावन सहित महादेव को मामूली चोटे आई। स्लीमनाबाद अस्पताल से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पुलिस कार्रवाई

## जयपुर एयरपोर्ट पर 3.7 करोड़ रुपये कीमत का गांजा बरामद

जयपुर. जयपुर एयरपोर्ट पर डॉयरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें 3.7 करोड़ रुपये कीमत का हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद किया गया। यह कार्रवाई बुधवार देर रात बैंकॉक से आने वाली फ्लाइट स्न्रष्ठ 130 में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के खिलाफ की गई। जानकारी के मुताबिक, एक महिला यात्री के ट्रॉली बैग से यह नशीला पदार्थ पकड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस 3.7 किलो हाइड्रोपोनिक वीड की कीमत 3.7 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## कपिल शर्मा, राजपाल यादव और रेमो डिसूजा को जान से मारने की धमकी



नई दिल्ली (आरएनएस)। मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा को पाकिस्तान से ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कपिल शर्मा के अलावा यह धमकी अन्य सेलेब्रिटीज, जैसे राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा को भी मिली है।

मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल पाकिस्तान से भेजा गया है। ईमेल में लिखा गया, हम आपकी हालिया गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं है, कृपया इस संदेश को गंभीरता से लें। इस मेल को बिष्णु नाम से साइन किया गया था। ईमेल में सेलेब्रिटीज से आठ घंटे के भीतर जवाब देने की मांग की गई थी, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। सबसे पहले कपिल शर्मा ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा ने भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल की जानकारी पुलिस को दी। राजपाल यादव को यह धमकी 14 दिसंबर को मिली थी, लेकिन उन्होंने 17 दिसंबर को इसकी शिकायत दर्ज कराई। उनका ईमेल स्पैम बॉक्स में पाया गया था। मुंबई पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। सेलेब्रिटीज को मिल रही लगातार धमकियों ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब सेलेब्रिटीज पर हमले बढ़ रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में बांद्रा में राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने ली थी। इसके बाद सलमान खान ने अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए से आपका क्या रिश्ता है? आखिर फारुक अब्दुल्ला के किस बयान पर भड़की भाजपा



नई दिल्ली-(आरएनएस)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा था कि अगर किसी ने अभिनेता सैफ अली खान पर हमला किया तो पूरे देश को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। 54 वर्षीय अभिनेता के हमलावर के बांग्लादेश से आने के बारे में एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इन चीजों के खिलाफ हूं और मैं उसके अच्छे होने की कामना करता हूं। अगर कोई आया और सैफ अली खान पर हमला किया, तो आप एक आदमी के कृत्य के लिए पूरे देश को दोषी नहीं ठहरा सकते। आप एक ऐसे व्यक्ति को राष्ट्र पर कैसे थोप सकते हैं जो कुछ करता है? अगर कोई भारतीय ब्रिटेन में कुछ बुरा करता है तो क्या आप इसके लिए भारत को दोषी ठहराएंगे? अब फारूक अब्दुल्ला के इसी बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बीजेपी नेता तरूण चुघ ने कहा कि क्या फारूक अब्दुल्ला को घुसपैठिए और अपनी प्रतिभा के दम पर मशहूर होने वाले व्यक्ति के बीच अंतर नहीं पता? यह वोट बैंक की राजनीति और संकीर्ण मानसिकता है। उन्होंने कहा कि वह दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों का अपमान कर रहे हैं और उनकी तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से कर रहे हैं। चुघ ने सवाल किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए से आपका क्या रिश्ता है? वह उसकी वकालत क्यों कर रहे हैं? वह एक बांग्लादेशी घुसपैठिये के पीआरओ की तरह व्यवहार क्यों कर रहे हैं? यह पूरे ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन की मानसिकता को दर्शाता है। सोलह जनवरी की रात यहां बांद्रा क्षेत्र में एक अर्पाटमेंट की 12वीं मंजिल पर स्थित 54 वर्षीय अभिनेता के घर में उन पर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला किया था। हमलावर ने उन पर कई बार चाकू से वार किया। इसके बाद खान को अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई थी। खान को मंगलवार शाम यहां स्थित लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने यहां पिछले सप्ताह हुए हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाने वाले ऑटो-रिक्शा चालक भजन सिंह राणा से मुलाकात की

## भारत का पहला मेड इन इंडिया चिप 2025 में होगा लॉन्च-अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के पहले मेड इन इंडिया चिप के 2025 में लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास को प्राथमिकता दी है। मंत्री ने बताया कि सेमीकंडक्टर के डिजाइन और निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए 104 विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (स्न्ने) साइन किए गए हैं। इन संस्थानों के पाठ्यक्रमों को अपडेट किया जा रहा है, और डिजाइन आधारित पहल के लिए विशेष निवेश योजनाएं बनाई गई हैं। फरवरी 2022 में केंद्र सरकार ने देश में तीन सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने को मंजूरी दी थी। मंत्री वैष्णव ने इस प्रगति को प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और सही नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2022 में लॉन्च हुई सेमीकंडक्टर नीति ने उद्योग में तेजी से प्रगति की नींव रखी है। महामारी के दौरान ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों को सेमीकंडक्टर की कमी के कारण भारी नुकसान झेलना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सेमीकंडक्टर आपूर्ति के लिए विविध स्त्रोत आवश्यक हैं।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में रात्रि लक्ष्मीप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष निवासी रानीताल लार्डगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पान की दुकान चलाता है दिनांक 21-1-25 की शाम लगभग 7-15 बजे अपनी मोटर सायकल से उजारपुरवा गली नम्बर 4 से होते हुये उखरी रोड़ की ओर जा रहा था जैसे ही उजारपुरवा बाबली के पास पहुँचा तो परिचित का दोस्त अतुल पटैल मिल गया जिससे बात करने लगा तभी सुरेश उर्फसूर्या राव आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा,

## परामर्शदाताओं की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कृषि विश्वविद्यालय में संपन्न

# मेंटर्स अपनी दक्षता का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें-डॉ.जितेन्द्र जामदार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मण्प्रण् जन अभियान परिषद की समृद्धि योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत परामर्शदाताओं ;मेंटर्सद्ध का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हो गयाए

प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉण्जितेन्द्र जामदार ए विशिष्ट अतिथि डॉण् विवेकांनद पटेल वरिष्ठ समाज सेवी एवं शिक्षाविदए

श्री रवि प्रसाद बर्मन संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद जबलपुर एवं डॉण् तेज़ सिंह केशवाल ज़िला समन्वयक कटनी रहे। इस अवसर मुख्य अतिथि डॉण्जामदार ने कहा कि जन अभियान परिषद के मेंटर्स अपनी क्षमता का उपयोग समाज की भलाई के लिए करेंए इसके लिऐ सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों के साथ मिलकर शासन के विभागों से समन्वय स्थापित कर शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें तभी जन अभियान परिषद और आपके कार्यों की सार्थकता सिद्ध होती हैए जन अभियान परिषद प्रारंभ से स्वैच्छिक आधार पर समाज में अनुकरणीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर समग्र विकास के लिए कार्य करता रहा हैए इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहयोग मिलेगाएविशिष्ट अतिथि डॉ विवेकानंद पटेल ने कहा कि जन अभियान परिषद का यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के सुचारू संचालन एवं निष्ठवान दृढ़ संकल्पित कार्यकर्ता निर्माण हेतु सहयोगी सिद्ध होगा और वह कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से कार्य करेगा। इस दौरान ज़िला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के विविध सत्रों का विश्लेषण प्रस्तुत कियाए इसके पूर्व आज प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉण् ध्रुव दीक्षित प्रोफेसर सामाज कार्य समाज कार्य की अवधारणा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका विषय अपना मार्गदर्शन दियाए द्वितीय सत्र में श्री संजय दुल्हानी विषय विशेषज्ञ एवं समाज सेवी जबलपुर द्वारा गुणवत्ता पूर्ण फ़ोटो एवं विडियोग्राफी एवं सोशल नेटवर्किंग एवं सोशल मीडिया के लिए कॉन्टेंट तैयार करने के विषय पर अपना जानकारी दी गई। आज तृतीय सत्र में पाठ्यक्रम के फील्ड वर्कए क्षेत्रीय कार्यए प्रदत्त कार्यए सामाजिक प्रयोगशाला एवं उसके व्यवहारिक ज्ञान के बारे में बताया गयाए सत्र का संचालन श्रीमति सोनिया सिंह विकास खण्ड समन्वयकए श्रीमति नूपुर खरेएश्री विवेक मिश्रा विकास खण्ड समन्वयक कुंडम एवं श्री भारत महरोलिया ने संयुक्त रूप से कियाएआज प्रशिक्षण में इंटर्नशिप एवं उसके विविध आयामों पर डॉण् तेज़ सिंह केशवाल जी ज़िला समन्वयक कटनी द्वारा पीपीटी माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया ।

आभार प्रदर्शन विकास खण्ड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर एवं संचालन विवेक मिश्रा तथा अशीष जैन ने कियाएप्रशिक्षण कार्यशाला में सभी विकास खण्ड समन्वयक कार्यालय स्टॉफ संजीव कुमार तिवारीए श्रीमति रीना अहिरवारए उमेश अहिरवार एवं मेंटर्स उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई रक्तदान कर कर




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत की आजादी के महानायक नेताजी श्री सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में भंवरताल गार्डन में युवक-युवतियों द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक विष्णु विनोदिया ने बताया कि थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 19वाँ वर्ष रक्तदान नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरियाजी विशिष्ट अतिथ लोकायुक्त एसपी संजय साहू जी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा गुड्डू नवी जी डॉ प्रशांत मिश्रा जी इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जबलपुर से पुराना रिश्ता था। वर्ष 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस त्रिपुरी अधिवेशन में जबलपुर से चुनाव लड़ा था चुनाव की जीत की खुशी में नेताजी के समर्थकों ने तिलवारा से लेकर जबलपुर की सड़क में 52 हाथियों का रथ निकाले थे जो भारतीय इतिहास की धरोधर जैसी बात है। इस अवसर पर कार्यक्रम नेताजी सुभाषचंद्र बोस नि:शुल्क रक्तदान ग्रुप के संयोजक विष्णु विनोदिया, उमेश पटेल राकेश चक्रवर्ती श्रीमती गौरी सेन पूनम कोरी,,श्रीमती सुशीला कनौजिया रविंद्र कुशवाहा प्रशांत कोरी आकाश श्रीपाल ( रक्तदान में मीडिया कर्मी ने भी रक्तदान किया श्रीमती उपासना भाटिया एवं मीडिया कर्मी अन्य गुप्त रक्तदान किया गया) ,प्रशांत विनोदिया, महेश मिश्रा आकाश केवट, ,विकास जाट, मनीष चौरसिया प्रकाश सिंह ठाकुर निहाल राजपूत दादा अजय घोष राहुल तिवारी अनिल गुप्ता मुस्कान पटेल रोशन आनंद कोरी आदि उपस्थित थे। इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. श्रीमती अमिता जैन डॉ श्रीमती अमितोष भल्ला, ब्लड बैंक टेक्नीशियन मंजू मैडम राहुल सोनी के द्वारा सेवा दी गई।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय केंद्रीय ग्रन्थालय जबलपुर के नव निर्मित भवन का लोकार्पण उत्तर मध्य क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय अभिलाष पांडे जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री प्राचीश जैन संयुक्त संचालक,श्री घनश्याम सोनी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर,श्रीमति प्रभा मिश्रा प्राचार्य एम एल बी सहित क्षेत्रीय नागरिक,अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक श्री योगेश शर्मा, अजय रजक ढ्ढुड्ढ,कृष्णकांत शर्मा,अजय ठाकुर भी उपस्थित रहे

## नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रतिवर्ष अनुसार इस 22 वे वर्ष में नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा 03 फरवरी सोमवार उमाघाट ग्वारीघाट इस पार से गुरुद्वारा घाट उस पार तक शाम 4़00 बजे 1100 फुट की चुनरी परम पूज्य संतो के सानिध्य में किया जाएगा गर्भग्रह से साल में एक बार निकली नर्मदा जी के पादुका दर्शन दुग्धभिषेक दीपदान महाआरती कन्या पूजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र ,अमर सिंह ठाकुर ,डॉक्टर सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर ,सुरेंद्र खरे ,राजेश साहू , समीर पटेल ,नीतीश पटेल,अतुल विश्वकर्मा,अंकुर श्रीवास्तव, मोनू सोनकर, आशीष वाजपेई ,गोलूपुरी गोस्वामी ,कमल विश्वकर्मा ,मनोज कुशवाहा ,एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल की बहने उपस्थित रहेगी

## नरसिंह दास जी को जगतगुरु बनने पर हर्ष की लहर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास जी महाराज को इलाहाबाद कुंभ में संतों के द्वारा जगतगुरु का पटाअभिषेक होने से बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने शुभकामनाएं दी साथ ही जबलपुर के लिए यह गौरव की बात है

## मिलिए प्रभु श्रीराम से नृत्य नाटिका आज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सुप्रभातम संस्था के तत्वावधान में मिलिए प्रभु श्रीराम से नृत्य नाटिका का आयोजन 24 जनवरी 2025 को शाम 5़30 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। समारोह के संयोजक श्री अजय विश्नोई विधायक हैं। डॉ. आनंद तिवारी एवं आलोक पाठक ने बताया कि इस आयोजन में गुंजन कला सदन, समरसता सेवा संगठन, पाथेय संस्था एवं सिख संगत के साथ विविध संस्थाओं की सहभागिता है। समारोह में आतिशबाजी के साथ 21 सौ दीप प्रज्वलित किये जायेंगे।साथ ही विद्वत मनीषियों के उद्बोधन एवं अंकिता गिनारा व अन्य कलाकार भावप्रधान नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस धर्ममय अनूठे आयोजन में अध्यक्ष देवाधिदेव महादेव को माना गया है। मुख्य अतिथि माता पीताम्बरा महारानी हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीराधारमण सरकार, भगवान महावीर स्वामी, गुरूनानक देव जी हैं। शुभाशीष चैतन्यानंद जी महाराज देंगे। मुख्य वक्ता डॉ. एस.पी. गौतम कुलगुरू रादुविवि एवं यजमान ज्योतिप्रकाश अवस्थी होंगे। इस अवसर पर समाजसेवी संजय गौतम, चंद्रशेखर शर्मा, चिकित्सक डॉ. रूपलेखा चौहान को सम्मानित किया जाएगा।विलोक पाठक, अभय जैन, संदीप जैन, राजेश पाठक प्रवीण, हरविंदर सिंह, सलूजा ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

## एम.पी.ट्रांसको वार्षिक खेलकूद पहले दिन टेबल टेनिस के हुए रोमांचक मुकाबले



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी.ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतरविभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे चरण के मुकाबले आज से प्रारंभ हो गये । ज्योति क्लब स्थित प्रांगण रामपुर, जबलपुर में दो दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन टेबिल टेनिस के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। हर्ष श्रीवास्तव ,मनीष खरे परवेज चौधरी और राजेश दीक्षित ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष बैडमिंटन में फाइनल पावर स्ट्राइकर और पावर वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। पुरुषों के 50 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के बैडमिंटन मुकाबले में एस सी घोष और हर्ष श्रीवास्तव की जोड़ी फाइनल में देवाशीष चक्रवर्ती और व्ही के परवार के साथ फाइनल मुकाबला खेलेगी।

महिला बैडमिंटन में पावर प्रिंसेस और पावर स्मेशर्स के बीच मुकाबला होगा। प्रतियोगिता के संयोजक मुख्य अभियंता श्री एस सी घोष ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एम.पी.ट्रांसको के जबलपुर, सिवनी, सागर, सतना स्थित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिक हिस्सा ले रहे है।

एम.पी.ट्रांसको में पहली बार कार्मिकों के पारिवारिक महिला सदस्यों के लिए भी खेलों का आयोजन किया गया है।

## पावर जनरेटिंग कंपनी ने 58 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश किए जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय द्वारा 58 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए गए। इनमें चतुर्थ वेतनमान समयमान प्राप्त करने वाले 26, तृतीय उच्च वेतनमान प्राप्त करने वाले तीन, द्वितीय उच्च वेतनमान प्राप्त करने वाले 14 एवं प्रथम उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले 15 कार्मिक शामिल हैं। उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले अभियंता व कार्मिक मुख्यालय जबलपुर के अतिरिक्त संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, रानी अवंतीबाई सागर जन विद्युत गृह बरगीनगर, बाणसागर-दो जल विद्युत गृह सिलपरा, टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर व राजघाट जल विद्युत गृह चंदेरी स्थत में पदस्थ हैं। उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिको में चार अधीक्षण अभियंता, 35 कार्यपालन अभियंता, 11 सहायक अभियंता, एक कनिष्ठ अभियंता, छह वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक व एक सुरक्षा सैनिक शामिल है। इसके अतिरिक्त कंपनी से सेवानिवृत्त 11 व दिवंगत एक कार्मिक को भी आवेदन की दिनांक से उच्च वेतनमान स्वीकृति के आदेश जारी किए गए।

# टिकट दलाली एवं कालाबाजारी से निपटने में रेलवे सुरक्षा बल की भूमिका

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे टिकट प्रणाली में टिकट दलाली और कालाबाजारी की समस्या, विशेष कर यात्रा के व्यस्त अवधि के दौरान, एक बड़ी चुनौती पेश करती है। ये अवैध गतिविधियां न केवल वास्तविक यात्रियों के लिए टिकटों की निष्पक्ष पहुंच को बाधित करती हैं, बल्कि रेलवे प्रणाली में जनता के विश्वास को भी कमजोर करती हैं। इस समस्या के समाधान और रेलवे सेवाओं तक निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा व्यापक और बहुआयामी रणनीति लागू की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा की गई पहल -

1. नियमित छापे और कार्रवाई़

रेलवे सुरक्षा बल के साइबर सेल बुकिंग पैटर्न की सावधानीपूर्वक जांच करते हैं ताकि विसंगतियों की पहचान की जा सके और टिकट काउंटरों और साइबर कैफ़े को लक्षित करके सटीक कार्रवाई की जा सके। इन सक्रिय उपायों के परिणामस्वरूप अनधिकृत टिकटों को जब्त किया गया है और कई दलालों को पकड़ा गया है, जिससे उनके अवैध धन सृजन स्त्रोतों में काफी कमी आई है।

2. डिजिटल निगरानी़

उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए, आरपीएफ ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी करता है। बल्क बुकिंग और अनियमित लेनदेन सहित संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करके और टिकट काउंटरों पर सीसीटीवी लगाकर, आरपीएफ कालाबाजारी का पता लगाने और उसे प्रभावी ढंग से रोकने की अपनी क्षमता को मजबूत करता है।

3. आईआरसीटीसी के साथ सहयोग़

आरपीएफ संदिग्ध खातों की पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर काम करता है। इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य एजेंट और व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आईडी दोनों के दुरुपयोग को रोकना है, जिससे अधिक सुरक्षित और पारदर्शी टिकटिंग प्रणाली सुनिश्चित हो सके।

4. जागरूकता अभियान

जन जागरूकता के महत्व को समझते हुए, आरपीएफ विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर शैक्षणिक अभियान चलाता है। ये पहल यात्रियों को अनधिकृत गतिविधियों की सूचना देने के बारे में जानकारी देती हैं और आधिकारिक और अधिकृत चैनलों के माध्यम से टिकट बुक करने के महत्व पर जोर देती हैं।




5. प्रौद्योगिकी एकीकरण

आरपीएफ ने अपने साइबर सेल को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से लैस किया है ताकि टिकटिंग सिंडिकेट को प्रभावी ढंग से ट्रैक और नष्ट किया जा सके। यह तकनीकी उन्नति बल को तेजी से परिष्कृत हो रहे दलाली नेटवर्क का मुकाबला करने में सक्षम बनाती है।

6. विधिक कार्यवाही़

टिकट दलाली में लिप्त अपराधियों को रेलवे अधिनियम के तहत कठोर दंड का सामना करना पड़ता है, जिसमें कारावास भी शामिल है। हाल ही में न्यायिक निर्णयों ने टिकट दलाली को सामाजिक अपराध के रूप में वर्गीकृत करके इस मुद्दे की गंभीरता को उजागर किया है।

आरपीएफ के प्रयासों का प्रभाव

आरपीएफ द्वारा की गई रणनीतिक पहलों से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। कई हाई-प्रोफाइल दलाली गिरोहों को ध्वस्त किया गया है और हजारों अपराधियों को पकड़ा गया है। इन प्रयासों से बड़ी मात्रा में अवैध टिकटों की बरामदगी हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर कालाबाजारी पर लगाम लगी है और रेलवे प्रणाली में लोगों का विश्वास बहाल हुआ है।

भविष्य की रणनीति

अपनी प्रभावशीलता को और बढ़ाने के लिए, आरपीएफ ने अपने संचालन में उन्नत प्रौद्योगिकियों और पूर्वानुमान उपायों को एकीकृत करने की योजना बनाई है। मुख्य फोकस क्षेत्रों में शामिल हैं़

1.उन्नत एआई और मशीन लर्निंग

1(ड्ड) व्यवहार पैटर्न विश्लेषण़ एआई सिस्टम बुकिंग व्यवहार की जांच करेगा ताकि दलाली गतिविधियों की विसंगतियों की पहचान की जा सके

1(ड्ढ) वास्तविक समय में धोखाधड़ी का पता लगाना़ मशीन लर्निंग एल्गोरिदम वास्तविक समय में संदिग्ध लेनदेन का पता लगाएगा और रोक देगा।

1(ष्) डायनेमिक आईपी मॉनिटरिंग़ सिस्टम एक ही आईपी पते से या वीपीएन का उपयोग करके होने वाली कई बुकिंग की पहचान करेगा और उन्हें ब्लॉक कर देगा।

2. बायोमेट्रिक सत्यापन

2 (ड्ड) चेहरे की पहचाऩ टिकट बुकिंग को बायोमेट्रिक डेटा से जोड़ने से निरीक्षण के दौरान यात्रियों का सत्यापन सुनिश्चित होगा

2 (ड्ढ) फिंगरप्रिंट स्कैनिंग़ बुकिंग काउंटरों पर अनिवार्य बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से लेनदेन की प्रामाणिकता बढ़ेगी।

3. क्लाउड कंप्यूटिंग और बिग डेटा एनालिटिक्स

वास्तविक समय डेटा प्रसंस्करण़ क्लाउड-आधारित प्रणालियाँ संदिग्ध प्रवृत्तियों की पहचान करने के लिए टिकटिंग डेटा के तात्कालिक विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेंगी।

3(ड्ड) पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण़ ऐतिहासिक डेटा का उपयोग विशेष रूप से दलाली गतिविधियों के प्रति संवेदनशील मार्गों और यात्रा मौसमों के लिए लक्षित निवारक उपायों को लागू करने के लिए किया जाएगा।

निष्कर्ष

टिकट दलाली से निपटने के लिए रेलवे सुरक्षा बल का मजबूत और व्यापक दृष्टिकोण रेलवे टिकट संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर, संबंधित एजेंसियों के साथ सहयोग को बढ़ावा देकर और जनता को शामिल करके, आरपीएफ कालाबाजारी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जैसे-जैसे ये रणनीतियाँ विकसित होती हैं, वे सभी यात्रियों के लिए एक सहज और निष्पक्ष यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हुए एक अधिक सुरक्षित और न्यायसंगत रेलवे प्रणाली का वादा करती हैं।



भोपाल-एम.पी. ट्रांसको ( मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ) ने नवाचार करते हुये प्रदेश के कुछ चुनिन्दा 132 के.व्ही. ए.आई.एस ( एक्स्ट्रा हाई टेंशन एयर इंसूलेटेड स्विच गेयर सबस्टेशनों ) को रिमोट से संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको के जबलपुर स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन माढ़ोताल को रिमोट से नियंत्रण और संचालित किये जाने के कार्य का पहला चरण पूरा कर लिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर और अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने इस सफलता के लिए एम पी ट्रांसको को बधाई दी है।

# भारतीय खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में बनाई है पहचान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध-17 अलग- अलग धार्मिक स्थानों में की जायेगी शराबबंदी**



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो- कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित कर कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का समय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जन शिक्षकों की भर्ती की गई है।

**11 लाख रूपए की राशि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव को देने की घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपारिक खेलों के लिए किये जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता के वृहद आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से अनेकों देश-प्रदेश स्तर के खिलाड़ी बने हैं। कबड्डी का ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो गोटेगांव से खेलकर न गया हो। उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे खेलों के साथ ही समाज सेवा के कार्यों को भी सराहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम से 11 लाख रुपये की राशि समिति को देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के तारतम्य में कबड्डी लीग भी कराया जायेगा।

सांसद चौ. दर्शन सिंह, विधायकद्वय श्री विश्वनाथ सिंह पटेल व श्री महेन्द्र नागेश, सहयोग क्रीड़ा मंडल के संस्थापक सदस्य श्री मुलाम सिंह पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कबड्डी के खिलाड़ियों एवं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी एकमात्र ऐसा खेल है, जिसमें भारतीय दर्शन परिलक्षित होता है। कबड्डी के प्राणायाम व व्यायाम से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा महाभारत के चक्रव्यूह की संरचना की तरह इस खेल के मैदान में खिलाड़ी के पराक्रम और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय का अहसास होता है। बदलते दौर में अब अन्य देश भी कबड्डी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कबड्डी के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि माटी में खेलने का आनंद कुछ और ही है। कबड्डी जैसे खेलों को विदेशों में आत्मीयता से अपना रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए अभियान चलाकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2028 तक हर गरीब का पक्के आवास का स्वप्न को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी तरह युवाओं के लिए एक लाख से अधिक सरकारी पदों में नियुक्ति की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2.70 लाख पदों पर भर्ती कर सभी सरकारी पद भरे जायेंगे। लोक सेवा आयोग के लंबित सभी परीक्षायें शीघ्र आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा रोजगार की दिशा में कार्य करते हुए युवा कल्याण का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

**भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण प्रदेश में जहां- जहां प्रवास किये वहां बनाये जायेंगे धार्मिक पर्यटन स्थल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य की है। उनके आदर्शों के अनुरूप प्रदेश में सुशासन के मापदंड स्थापित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं के साथ- साथ कार्य किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण एक वर्ष पूर्ण होने पर देश में उत्साह का माहौल है। पूरे देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भी जहां- जहां भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण के चरण पड़े उन स्थानों को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में दर्शित किया जायेगा।

**17 अलग- अलग धार्मिक स्थानों में की जायेगी शराबबंदी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई के रोकथाम के लिए 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों में शराबबंदी की जायेगी। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा वासियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। नर्मदा किनारे उनके लिए आश्रय स्थल तथा स्नान घाट बनाये जायेंगे। साथ ही कहा कि नर्मदा के आंचल को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जायेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वागत उद्बोधन में परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने में किये जा रहे नवाचार के साथ कहा कि गोटेगांव में लगातार 41 वर्षों से जनभावना के अनुरूप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार भी खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मणिनागेंद्र सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाई जंप नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट अंजली वर्मा को शील्ड देकर सम्मानित किया।

**मंच से किया विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से लाड़ली लक्ष्मी योजना में आनबी पटेल, तेजस्वनी कहार व शिवन्या ठाकुर, मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अंतर्गत सुपर 5000 योजना में श्रीमती आस्था लोधी, श्री पंकज दुबे व श्री जगदीश लोधी और पशुपालन विभाग के अंतर्गत चारा विकास योजना के तहत श्री रोहित अग्रवाल को लाभान्वित किया।

**कबड्डी खिलाड़ियों से किया परिचय प्राप्त**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम के बाद सहभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य शुभकामनायें देकर प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोटेगाँव में 135 करोड़ 18 लाख रूपये की लागत के 39 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इनमें 22 करोड़ 85 लाख रूपये के 19 निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 112 करोड़ 33 लाख रूपये के 20 निर्माण कार्यो का भूमि-पूजन शामिल है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी को कॉरिडोर निर्माण में हो रहे विलंब से राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कराया अवगत



भोपाल (आरएनएस) भोपाल के नर्मदापुरम मार्ग पर सुचारू आवागमन के लिए मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा भेंट करने के बाद संबंधित अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने 22 जनवरी को नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के निवास पर उनसे भेंट कर कॉरिडोर के निर्माण में हो रहे विलंब की जानकारी से अवगत कराया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, यह कार्य जिस गति से होना चाहिए उस गति से नहीं हो रहा है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी से कॉरिडोर के निर्माण कार्य को एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण) से शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया। कॉरिडोर के आभाव में इस क्षेत्र में आवागमन में हो रही दिक्कतों और सड़क दुर्घटनाओं की ओर केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी का ध्यान आकृष्ट कराया।

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को राज्य मंत्री श्रीमती गौर के द्वारा दिए गए अनुरोध पत्र पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर मार्ग का निर्माण शीघ्र होगा।

**मध्यप्रदेश- निवेश और शांति का टापू-पुलिस अवार्ड -2025 कार्यक्रम में हुए शामिल**

## सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना सशक्त समाज की नींव- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज मध्यप्रदेश को एक उत्कृष्ट निवेश गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। राज्य की सकारात्मक नीतियाँ, सहयोगी वातावरण, प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानवशक्ति के साथ यहाँ का शांत वातावरण और सुदृढ़ कानून व्यवस्था इसे निवेश के लिये एक आदर्श स्थान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब राज्य समृद्ध होता है तो उसके साथ चुनौतियां भी आती हैं, इसके लिये सतत सतर्क और सजग रहना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल मैरियट भोपाल में मीडिया समूह के पुलिस अवार्ड-2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नशा प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग नशे का धंधा करने वालों पर



कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पुलिस विभाग के कार्यों के चलते अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं, जिससे प्रदेश विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने देश के भविष्य को संवारने और सशक्त करने के लिये नशा मुक्ति के प्रयासों को सघन और अधिक प्रभावी बनाने का आवहान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अपराध नियंत्रण के जन-जागरूकता लाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि अपराध की घटनाओं को नैतिक दबाव के माध्यम से जड़ से खत्म किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक पद महत्वपूर्ण है और पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर समाज को समृद्ध और सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट भावना और कर्तव्य निष्ठा के भावों के संचार से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मीडिया केवल नकारात्मक खबरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सकारात्मक कार्यों और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 26 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

## प्रदेश में किसानों को श्रीअन्न की खेती के लिये मिलती है प्रोत्साहन राशि

भोपाल-(आरएनएस) किसानों को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न की खेती एवं उत्पादन बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा श्रीअन्न विशेषकर कोदो-कुटकी पर भुगतान किए गए न्यूनतम क्रय मूल्य के अतिरिक्त एक हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। राज्य सरकार ने प्रति हेक्टेयर अधिकतम 3900 रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रावधान किया है। प्रदेश में श्रीअन्न उत्पादन में लगे कृषकों एवं समूहों को राज्य स्तरीय महासंघ द्वारा संगठित किया गया है। श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्म्स प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया है। नवीन तकनीकी के उपयोग से श्रीअन्न एवं उसके प्रसंस्कृत उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्रतिवर्ष प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक एक करोड़ 87 लाख किसानों को 18 हजार 587 करोड़ रूपये की दावा राशि का भुगतान किया गया है। कृषि के क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयासों से प्रदेश में धान, मक्का, उड़द, सोयाबीन, गेहूँ, चना, मसूर, सरसों आदि का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।

## सायबर सुरक्षा में प्रशिक्षित युवा सायबर सुरक्षा दूत की तरह कार्य करें - मंत्री सुश्री भूरिया

भोपाल(आरएनएस)सायबर क्राइम आज के दौर का नवीनतम और खतरनाक क्राइम हो गया है। वर्तमान में आधुनिक तकनीक का गलत इस्तेमाल हो रहा है। सायबर क्राइम से बचने का एकमात्र तरीका जागरूकता और सतर्कता है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया बुधवार को भोपाल के समन्वय भवन में 9वीं नेशनल साइबर साइकोलॉजी क्रॉन्फ्रेंस के एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर सम्बोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि म.प्र. राज्य महिला आयोग और रिस्पॉन्सिबल नेटिज्म संस्था मुम्बई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साइबर वेलनेस के बारे में जागरूकता एवं सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सायबर अपराधों से समाज को सुरक्षित करने का अभिनव प्रयास है। मोबाईल के बढ़ते उपयोग से लोगों के काम तो आसान हुए है। लेकिन कहीं न कही इससे उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खडें हुए है। सायबर क्राइम के सबसे ज्यादा



सॉफ्ट टारगेट बुजुर्ग, महिला और बच्चें है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग का लक्ष्य बच्चों, युवाओं और महिलाओं को सायबर सुरक्षित बनाना है। इससे न केवल सायबर वेलनेस को बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवाओं में ऑनलाइन संकट को रोकने की क्षमता को विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि युवतियों और महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में भारत का पहला सायबर वेलनेस सेल लांच किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रदेश के बच्चों की सुरक्षा के लिये सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि इस कान्फ्रेंस के माध्यम से डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन सुरक्षा, सायबर धमकी और ऑनलाइन यौन अपराधों जैसे सायबर खतरों को रोकने के लिये इस सम्मेलन में युवाओं को जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग पर शिक्षित किया

## उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार पर हुई कार्यशाला

भोपाल- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम द्वारा मंदसौर में मंगलवार की शाम लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार पर कार्यशाला सम्पन्न हुई।

कार्यशाला में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक श्री दिनेश चम्पेवार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए ऊ्रड्ढ नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारत वर्ष में किया जा रहा है। उद्यमियों को मध्यप्रदेश लीं स्थ्रह मैनेजमेंट, जेडईडी सर्टिफिकेशन एवं आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं कार्य-प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुँचा सकते हैं। कार्यशाला में लघु उद्योग भारती मंदसौर इकाई अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने बताया कि सरकार की इस पहल से निश्चित रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को लाभ होगा।

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी मध्यप्रदेश की झाँकी

**राजपथ पर दिखेगी मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक**



भोपाल -नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश की झाँकी चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी। झाँकी में मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक दिखेगी। भारत से 70 वर्ष पूर्व चीते विलुप्त हो चुके थे, भारत में चीतों की वापसी का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को जाता है। प्रदेश में चीता परियोजना की सफलता के साथ अब मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट'' और चीता स्टेट'' भी बन गया है।

मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नदी के किनारे स्थित राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य देश में चीतों का एक नया घर है। अभयारण्य में चीतों के लिये उचित आहार और प्राकृतिक आवास मौजूद हैं। पुनर्स्थापना की सफल परियोजना के परिणाम स्वरूप कूनो में वयस्क और शावक सहित कुल 24 चीते अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं।

प्रस्तुत झाँकी में भारत में चीतों के सफल पुनर्स्थापन को दर्शाया गया है। अग्रभाग में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वयस्क चीतों का जोड़ा और कूनो में जन्मे नन्हें चीता शावकों को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग में बहती हुई कूनो नदी और इसके आसपास राष्ट्रीय उद्यान के वनावरण एवं प्राकृतिक आवास में विचरण करते हुए वन्य-जीव, जिनमें हिरण, बंदर, पक्षी और चीते उनकी बढ़ती हुई

**पारम्परिक वैद्यों के परम्परागत ज्ञान को सहेजने की जरूरत-तीन दिवसीय 21वाँ आयुर्वेद पर्व एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी**

## अपनी चिकित्सा पद्धति (पैथी) आयुर्वेद पर विश्वास करने की है आवश्यकता- मंत्री परमार


भोपाल-(आरएनएस)आयुर्वेद, भारत की अपनी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। हमें अपनी चिकित्सा पद्धति (पैथी) पर विश्वास का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। आयुर्वेद, भारतीय ज्ञान परम्परा का ही अंग है। आयुर्वेद के प्रति स्वत्व के भाव की जागृति आवश्यक है। प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति %आयुर्वेद% को विश्वमंच पर सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय आयुर्वेद सतत् सुदृढ़ हो रहा है, इसकी उत्तरोत्तर बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता एवं विश्वसनीयता इस बात का प्रमाण है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय आयुर्वेद पर्व एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के



समापन अवसर पर कही। मंत्री श्री परमार ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी से आयुर्वेद को नई दिशा देने के लिए आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। श्री परमार ने कहा कि हमारी सभ्यता की मान्यता है कि ज्ञान सार्वभौमिक है लेकिन वैश्विक परिधियों में ज्ञान का दस्तावेजीकरण कर एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आने के बाद से हम आयुर्वेद शोध एवं अनुसंधान के दस्तावेजीकरण की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि जनमानस को ईश्वर के बाद चिकित्सक पर ही विश्वास होता है, इस विश्वनीयता को बनाए रखने के लिए चिकित्सकों में यह संवेदना व्यावहारिक रूप से परिलक्षित भी होनी चाहिए। आयुष मंत्री श्री परमार ने कहा कि पारम्परिक वैद्यों के परम्परागत ज्ञान को सहेजने के लिए, शोध के आधार पर युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित समस्त क्षेत्रों में पीढ़ी दर पीढ़ी परम्परागत रूप से कार्य कर रहे पारम्परिक वैद्यों का, प्रदेशव्यापी पंजीयन करने एवं उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए व्यापक कार्य योजना बना रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश में 11 नवीन आयुर्वेद महाविद्यालय शुरू किए जाएंगे, इनमें से 5 आयुर्वेद महाविद्यालय आने वाले सत्र से ही शुरू हो जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के उच्च पद प्रभार प्रक्रिया, उनके अद्यतन समयमान एवं वेतनमान की प्रक्रिया को समयावधि पर पूरा किया जा

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है। हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं। स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्टपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया। यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं।

# नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक मुहिम के मिलने लगे हैं बेहतर नतीजे

आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षाबलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं।

देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके मार्फ़त जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं।

आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त सांठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है।

गौरतलब है कि भारत में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता तब मिली, जब गत दिनों ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (ष्ट्रक्रक्र), छत्तीसगढ़ के एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और ओडिशा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 14 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से की गई त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और बाकी सामग्री भी बरामद की गई जो नक्सली गतिविधियों को और बढ़ावा दे रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों के इस संयुक्त ऑपरेशन में नक्सल आंदोलन का एक प्रमुख सरगना, जयराम चलपती को ढेर किया गया। क्योंकि जयराम को नक्सली हिडमा का गुरु माना जाता था और नक्सली गतिविधियों में उसकी अहम भूमिका थी। जयराम पर 1 करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए जयराम की तलाश एक बड़ी चुनौती थी। ऐसा इसलिए कि वह नक्सलवादी समूहों के लिए एक अहम रणनीतिक सोच के रूप में काम करता था। उसकी मृत्यु से न केवल छत्तीसगढ़ और ओडिशा बल्कि पूरे देश में नक्सलवादी आंदोलन को एक बड़ा झटका लगा है। बताया जाता है कि इस ऑपरेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की राज्य सरकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर जयराम और उसके साथी नक्सलियों के खिलाफ लंबे समय से सख्त अभियान चलाया था। यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी और सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और अहम कदम है। बता दें कि भारत सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त किया जाए। ये ऑपरेशन उस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है जो सुरक्षा बलों और सरकार के प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। समझा जा रहा है कि जयराम की मौत के बाद अब नक्सलियों के मनोबल को भारी झटका लगेगा और उन्हें पुन: अपनी ताकत को संगठित करना मुश्किल होगा।

## स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली %ब्लू वाटर नेवी' बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीयीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए गहरे समुद्री' वातावरण में कार्य करने में सक्षम है।नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी एकीकृत निर्माण' दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार पण्रालियों से सुसज्जित है।

## केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन और मुफ्त इलाज- कब साकार होगा यह सपना ?

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 21 जनवरी 2025 को जारी किए गए अपने दूसरे संकल्प पत्र में यह वादा किया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर पार्टी जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा देगी। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज बंद कर देगी।

राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग हटकर देखा जाए तो फ्री एजुकेशन का यह मसला अपने आप में बहुत ही गंभीर मसला है और दुर्भाग्य से इस परिस्थिति के लिए इस देश के सभी राजनीतिक दल जिम्मेदार है। आज कोई भी राष्ट्रीय या बड़ा क्षेत्रीय दल सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के लिए अपने आपको जिम्मेदार से मुक्त नहीं बता सकता है क्योंकि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कभी न कभी सत्ता का सुख जरूर भोगा है। गठबंधन राजनीति के दौर में, देश की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर राजनीतिक दल या तो केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे हैं या किसी ना किसी राज्य में सरकार चला चुके हैं या वर्तमान में भी चला रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गईं हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जब साइंस और मैथ्स जैसे विषयों के अध्यापकों की भारी कमी है तो देश के अन्य राज्यों के स्कूलों का अंदाजा आप लगा सकते हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली ड्रेस की गुणवत्ता और किताबों पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। एनसीईआरटी तो समय पर किताब छपवाना ही भूल गई है। मिड डे मील ने तो स्कूलों में पढ़ाई की हालत और ज्यादा खराब कर दी है लेकिन इसके विकल्प की भी कोई तलाश नहीं की जा रही है। सरकारी अस्पतालों की हालत भी कितनी दयनीय हो चुकी है, यह सब जानते हैं। दिल्ली के एम्स जैसे अस्पताल में भी ऑपरेशन की डेट कई-कई साल बाद मिलने की खबरें लगातार आती हैं। एम्स और सफदरजंग जैसे अस्पतालों के इर्द-गिर्द खुल चुके सैकडों प्राइवेट लैब्स यह बताने के लिए काफी है कि इन दोनों सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की आस में आने वाले लोगों को हजारों रुपए खर्च कर बाहर से ही जांच करवाना पड़ता है। सरकारी अस्पताल में पूरी दवाई मिल जाए, इसकी उम्मीद तो अब लोग वर्षों पहले ही छोड़ चुके हैं लेकिन अब उचित जांच और उचित इलाज की उम्मीद भी दम तोड़ती नजर आ रही है। जब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी खराब है तो आप देश के अन्य राज्यों के सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का अंदाजा बखूबी लगा सकते हैं। विडंबना देखिए कि, सरकारों ने इस बारे में अब सोचना तक छोड़ दिया है, कार्रवाई के बारे में तो भूल ही जाइए। आंकड़े बताते हैं कि देश में डॉक्टरों की बड़े पैमाने पर कमी है लेकिन एमबीबीएस जैसे बेसिक डॉक्टरी की पढ़ाई पर भी सरकार का फोकस नहीं है ,

## भगवान शंकर के विवाह के सहमति के बाद देवतागण कैसे तैयारी में जुटे?

भगवान शंकर ने जैसे ही विवाह के लिए अपनी सहमति दी, तो चारों ओर मंगल छा गया। देवताओं को तो मानों डूबते हुओं को किनारा मिल गया। ऐसे लगा, कि जैसे उन्हें किसी ने चिता से उठाकर नवजीवन प्रदान कर दिया हो। इससे पूर्व तो वे अपने प्राणों को समाप्त हुआ ही मान लिए थे। विवाह का शंखनाद होते ही, सभी देवता भाँति-भाँति के वाहन और विमान सजाने लगे। कल्याणप्रद मंगल शकुन होने लगे और अप्सराएँ सुंदर सुंदर गीत गाने लगीं-

भगवान शंकर के गणों ने जब यह देखा, कि देवता भी कैसे अजीब हैं? विवाह तो भगवान शंकर का है, और सजने का चाव इन देवताओं को चढ़ा हुआ है। दूल्हा होने के नाते तो भोलेनाथ को ही विशेष प्रकार से सजाना चाहिए। किंतु देवताओं की तो प्रथा ही निराली है। भगवान शंकर को श्रृँगारित करने की बजाये, वे तो स्वयं को ही सजाने में मस्त हो गये। इससे स्पष्ट है, कि उन्हें भगवान शंकर से कोई लेना देना अथवा, आँतरिक लगाव नहीं है। वे तो बस अपना उल्लू साधने में लगे हैं। कोई उनसे पूछे, कि भई बारात में सभी दूल्हे को देखते हैं, कि बारातियों को? अब बाराती भले ही कितने ही सुंदर वेषों वाले व श्रेष्ठ क्यों न हों?

## भयावह आग की चपेट में हॉलीवुड इलाका

विनीत नारायण

आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाईवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजली अट्टालिकाओं की कतार दिखाई दे रही थी।

श्री प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जाएगी। जिस तेजी से लॉस एंजेलिस का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गई एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है।

कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में छह जंगल आ चुके हैं, और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोडने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्य में बाधक बन रही है। चार लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है।

शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों..एकड़ में फैल गई। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135-150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रु पयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पेरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं, और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उपराष्टपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी-मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजेलिस अमेरिका की सबसे ज्यादा आबादी वाली काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा, यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं।

## 25 जनवरी को रखा जाएगा षटतिला एकादशी का व्रत

षटतिला एकादशी माघ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी को कहते हैं। इस दिन भक्त छह तरीकों से तिल का उपयोग करके भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। षटतिला का अर्थ ही छह तिल है। इसलिए इस एकादशी का नाम षटतिला एकादशी पड़ा। इस व्रत में तिल का विशेष महत्व है। माघ माह में आने वाली षटतिला एकादशी का खास महत्व है। षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है और उसे जीवन में वैभव प्राप्त होता है। इसके साथ ही षटतिला एकादशी का व्रत करने से सुख-सौभाग्य, धन-धान्य में वृद्धि होती है।

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि षट्तिला एकादशी माघ महीने में पड़ती है और इस साल यह तिथि 25 जनवरी की है। इस दिन षट्तिला एकादशी का व्रत रखा जाएगा और भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा की जाएगी। षटतिला एकादशी के दिन भक्त छह प्रकार से तिल का उपयोग करते हैं - तिल से स्नान, तिल से तर्पण, तिल का दान, तिल युक्त भोजन, तिल से हवन और तिल मिश्रित जल का सेवन। यह व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और मोक्ष प्राप्ति के लिए किया जाता है।

## भारत के भविष्य को लेकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की दृष्टि

नेताजी की विचारधारा और व्यक्तित्व के बारे में कई व्याख्याएं उपलब्ध हैं लेकिन अधिकांश विद्वानों का मानना है कि हिंदू आध्यात्मिकता ने उनके व्यस्क जीवन के दौरान उनके राजनीतिक और सामाजिक विचारों का आवश्यक हिस्सा बनाया, हालांकि इसमें कट्टरता या रूढ़िवाद की भावना नहीं थी।

जब नेताजी सुभाषचंद्र बोस के विचारों को भारत के तात्कालीन समकक्ष राजनैतिक नेताओं ने स्वीकार नहीं किया तब नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारत के भविष्य को लेकर अपनी दूरदृष्टि को धरातल पर लाने के उद्देश्य से अपने कार्य को न केवल भारत बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीयों के बीच में फैलाने का प्रयास किया। उन्होंने इन देशों में निवासरत भारतीयों को एकत्रित कर उन्हें सैनिक प्रशिक्षण देना प्रारम्भ किया और इस कार्य में उन्हें अपार सफलता भी मिली क्योंकि 29 दिसम्बर 1943 को अंडमान द्वीप की राजधानी पोर्टब्लेयर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा दिया था। भारतीय इतिहास में भारत भूमि का यह हिस्सा प्रथम आजाद भूभाग माना जाता है। हालांकि, भारत को आजादी मिलने की घोषणा 15 अगस्त 1947 को हुई थी।

नेताजी के रूप में लोकप्रिय सुभाष चंद्र बोस एक प्रखर राष्ट्रवादी, एक प्रभावी वक्ता, एक कुशल संगठनकर्ता, एक विद्रोही देशभक्त और भारतीय इतिहास के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्हें ब्रिटिश सरकार के खिलाफ निर्णायक युद्ध लड़ने और 21 अक्तूबर 1943 को एक स्वतंत्र सरकार बनाने का श्रेय दिया जाता है। वर्ष 1927 में नेताजी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के लिए कांग्रेस के साथ काम किया, लेकिन समय के साथ कांग्रेस में उपजी गुटबाजी और गांधी जी के साथ वैचारिक मतभेदों के कारण वह कांग्रेस से अलग हो गए और एक स्वतंत्र संगठन के माध्यम से ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सशस्त्र स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। नेताजी भारतीय इतिहास में अपने समय के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक थे। वह असीम देशभक्त और भारत के विकास और भविष्य के बारे में अत्यंत कृतसंकल्प थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को बंगाल प्रांत के कटक, उड़ीसा संभाग में प्रभावती दत्त बोस और अधिवक्ता जानकीनाथ बोस के एक बंगाली कायस्थ परिवार हुआ था। उनके प्रारंभिक प्रभावों में उनके हेडमास्टर, बेनी माधव दास और स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाएं शामिल थीं। बाद में 15 वर्षीय बोस में आध्यात्मिक चेतना जग गई थी।

नेताजी की विचारधारा और व्यक्तित्व के बारे में कई व्याख्याएं उपलब्ध हैं लेकिन अधिकांश विद्वानों का मानना है कि हिंदू आध्यात्मिकता ने उनके व्यस्क जीवन के दौरान उनके राजनीतिक और सामाजिक विचारों का आवश्यक हिस्सा बनाया, हालांकि इसमें कट्टरता या रूढ़िवाद की भावना नहीं थी। खुद को समाजवादी कहने वाले नेताजी का मानना था कि भारत में समाजवाद का मूल स्वामी विवेकानंद के विचार है। आपका मानना था कि 'भगवदगीता' अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है। सार्वभौमिकता पर स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं, उनके राष्ट्रवादी विचारों और सामाजिक सेवा और सुधार पर उनके जोर ने नेताजी को उनके बहुत छोटे दिनों से प्रेरित किया था। इस संदर्भ में नेताजी के कई उद्धरण आज भी याद किए जाते हैं। मात्र अडिग राष्ट्रवाद और पूर्ण न्याय और निष्पक्षता के आधार पर ही भारतीय स्वतंत्र सेना का निर्माण किया जा सकता है।; यह अकेला रक्त है जो स्वतंत्रता की कीमत चुका सकता है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा!; वर्ष 1939 की शुरुआत में उनके द्वारा गढ़ा गया नारा था - ब्रिटेन की कठिनाई भारत का अवसर है।

नेताजी ने अपने प्रारम्भिक जीवनकाल से ही अपने चिंतन और अपनी कार्यशैली से भारत को स्वाधीन और सशक्त हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा मे कदम बढाया था। भविष्य दृष्टा और राजनीतिज्ञ होने के नाते नेताजी का विश्वास था कि राष्ट्र जागरण और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रियाओ को साथ लेकर ही आगे बढ़ना चाहिए। नेताजी की स्पष्ट सोच थी कि स्वतंत्र भारत, सार्वभौम संप्रभुता युक्त शक्तिशाली और विश्ववंद्य होना चाहिये तथा सदियो तक पुन: परतंत्रता न आये, ऐसे प्रयास राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त होने के साथ ही प्रारम्भ होने चाहिए और इसीलिए भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता का भाव जगाना चाहिए। स्वाधीन भारत की सुरक्षा के लिये नेताजी सेना के तीनो अंगों, थल सेना, जल सेना और नभ सेना का आधुनिक ढंग से निर्माण और विकास करना चाहते थे। जब वे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दूसरी बार जर्मनी गये थे तब नेताजी ने यूरोप के कई देशों का दौरा करके आधुनिक युद्ध प्रणाली का गहराई के साथ अध्ययन किया, इतना ही नही उन्होने जर्मनी मे युद्ध बंदियों और स्वतंत्र नागरिको की जो आजाद हिंद फौज बनाई, उसे पूर्ण रूप से आधुनिक अस्त्र-शस्त्रो से सुसज्जित किया और उसे इस प्रकार का प्रशिक्षण दिलाया कि वह संसार की सर्व शक्तिमान सेनाओं के समकक्ष मानी जाने लगी। आजाद हिंद फौज दुनिया के फौजी इतिहास का एक सफल अध्याय बन गया।

ब्रिटिश शासन काल मे भारत के तात्कालिक राजनैतिक नेतृत्व के पास भारत के आर्थिक विकास, सामाजिक एवं सांस्कृतिक ताने बाने के सम्बंध में अपनी कोई दूरदृष्टि नहीं थी। येन केन प्रकारेण केवल राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना एकमेव लक्ष्य था। ऐसे समय में भारत में देश का शासनतंत्र ब्रिटिशों के हाथों में था। अंग्रेजी शासकों की इच्छा अनुसार ही भारत में शासन चलता था। इसलिये, तत्कालीन ब्रिटिश शासकों की राजनीति की पृष्ठभूमि का उद्देश्य एक ही था कि भारत का अधिक से अधिक शोषण किया जाये एवं भारत की जनता को गुलाम बनाकर, अज्ञानता के अंधेरे मे रखकर, अधिक से अधिक समय तक अपना अधिकार जमाकर रखा जाए। ताकि, भारत सदा सदा के लिये गुलामी की जंजीरो मे जकडा रहे, स्वतंत्र होने का विचार भी न कर सके। परंतु, ऐसी मनोवृत्ती होने के उपरांत भी ब्रिटिशों को भारत से खदेड़ दिया गया। परंतु ब्रिटिश शासकों ने कूटनीतिक चाल चलते हुए भारत का विभाजन हिंदुस्तान एवं पाकिस्तान के रूप में कर दिया।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें।

मिथुन राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें।


वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को किरारी में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया, और मतदाताओं से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) का समर्थन करने का आग्रह किया। रैली में भारी भीड़ उमड़ी क्योंकि सीएम योगी ने विकास, कानून व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का वादा किया। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना तेज करते हुए योगी ने सवाल किया कि क्या आप नेता और उनके मंत्री प्रदूषित यमुना नदी में डुबकी लगाने की हिम्मत करेंगे।

# जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में, भाजपा ने लॉन्च किया नया कैंपेन सॉन्ग

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एक नया सॉन्ग जारी किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र भी किया गया है।

जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में शीर्षक वाले इस गीत में दिल्लीवासियों के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, जैसे प्रदूषण, गंदा पेयजल, अनुचित कचरा निपटान, सीवेज की समस्या और लैंडफिल का ओवरफ्लो होना।

भाजपा ने दिल्ली में डबल इंजन सरकार के नारों पर जोर देते हुए सत्ता में आने पर बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य बीमा का वादा किया है।

इस गीत में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर कटाक्ष करते हुए मौजूदा सरकार की आलोचना करने के लिए आपदा और चोर जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

पार्टी ने विश्वास जताया कि दिल्ली के मतदाता आम आदमी पार्टी (आप) की जगह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।

सोशल मीडिया पर इस गीत पोस्ट करते हुए भाजपा ने लिखा, जनता ने तय कर लिया है कि 2025 में चोरों को हटाकर भाजपा को लाना है।

आगे लिखा है, दिल्ली में मोदी के किसी शेर का राज होगा। जो राम को लाए हैं, वही दिल्ली पर राज करेंगे! यह चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का पहला गीत नहीं है। इससे पहले पार्टी ने एक और चुनावी गीत जारी किया था, बहाना नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहिए, जिसे भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने गाया था।

इस गीत को आधिकारिक तौर पर पिछले सप्ताह रोहिणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिवर्तन रैली के दौरान लॉन्च किया गया था और 5 फरवरी को होने वाले चुनाव अभियान के तहत इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पार्टी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने वाले हैं। विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले यह बातचीत दोपहर 1 बजे होगी।

दिल्ली के सभी 256 वार्डों के 13,033 बूथों से पार्टी सदस्य इस वर्चुअल कार्यक्रम में भाग लेंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी।

**मोदी सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा, बढ़ाई गई एमएसपी**

नई दिल्ली । पीएम मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए हैं। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपये की बढ़ोतरी की है, 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। पहला रॉ जूट की एमएसपी को लेकर है। कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है। पीयूष गोयल ने आगे कहा कि मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में जूट के कम उत्पादन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, उत्पादन का फैसला किसानों के अपने हितों के आधार पर होगा। जूट का उत्पादन कई तरह की स्थितियों पर आधारित है और इसे एक टिकाऊ उत्पाद के रूप में स्वीकृति मिल रही है। हमने किसानों को जूट उत्पादन के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है और हम एमएसपी पर खरीद का आश्वासन देते हैं।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली कैंट स्थित एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के दौरे की झलकियां.



अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी अपनी पत्नी व अडानी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अडानी के साथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम पर गंगा पूजा करते हुए।

# गुंडागर्दी पर उतर आई है भाजपा, पुलिस भी कर रही है सपोर्ट : आतिशी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि अब भाजपा जब देख रही है कि वह पूरी तरह से दिल्ली में हार रही है तो वह गुंडागर्दी और गाली-गलौज पर उतर आई है और आप कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और मारपीट की जा रही है।

इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस वार्ता कर सभी घटनाओं को साझा किया है। आतिशी ने कहा कि जब से रमेश बिधूड़ी भारतीय जनता पार्टी से कालकाजी विधानसभा में चुनाव लड़ रहे हैं, लगातार गुंडागर्दी और दहशत का माहौल भारतीय जनता पार्टी द्वारा कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में बनाया जा रहा है। विधानसभा के हर इलाके में भाजपा के कार्यकर्ता और कई लोग जो कहते हैं कि हम रमेश बिधूड़ी के भतीजे हैं, वो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। उनका कॉलर पकड़ रहे हैं। उनका पार्टी प्रचार का सामान छीनकर उसे जला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक हफ्ते में हुई ऐसी गुंडागर्दी की घटनाएं आप सभी के साथ साझा करना चाहूंगी। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को गिरी नगर इलाके में आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष अरुण चौहान और हमारी महिला विंग की टीम के साथ डोर टू डोर कैंपेन कर रहे थे। वहां पर भारतीय जनता पार्टी के राजीव भाटी, जो कहते हैं कि वह बिधूड़ी के भतीजे हैं और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी हैं, उन्होंने भाजपा का पटका भी पहना हुआ था। वह हमारे कार्यकर्ताओं के पास आए, गाली-गलौज किया, उनके हाथों से स्टीकर छीनकर उसे जलाया।

उन्होंने आगे कहा, इसी तरह 19 जनवरी को गोविंदपुरी गली नंबर 3 में दीप सिंह नाम की आम आदमी पार्टी की एक कार्यकर्ता हैं। उनको रात को 11ः40 पर रमेश बिधूड़ी का व्हाट्सएप पर कॉल आया। रमेश बिधूड़ी ने दीप जी को कहा कि तुम पहले भारतीय जनता पार्टी में होती थी कई साल पहले, तो वापस आ जाओ। जब उन्होंने मना किया और कहा कि हम तो आम आदमी पार्टी में हैं और आतिशी के साथ हैं, तब बिधूड़ी ने कहा कि वह आतंकवादियों की पार्टी है। 8 तारीख के बाद आतिशी जेल जाएगी और अगर तुम बाहर निकली तो तुम्हें भी अंदर करवाऊंगा।

आतिशी ने कहा कि 19 तारीख को गोविंदपुरी गली नंबर 5 में हमारे एक कार्यकर्ता का रिश्तेदार अंकित गुप्ता दिल्ली के बाहर से आया हुआ था। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उसका पटका छीना, उसे थप्पड़ मारा और जो पत्र उसके हाथ में थे, उन्हें जला दिया। इसी तरह 20 जनवरी को नवजीवन कैंप के एस ब्लॉक में दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी की टीम ने कई बच्चों को स्टीकर चिपकाने के लिए पोस्टर चिपकाने के लिए लगाया हुआ था। जब हमारी एक कार्यकर्ता विजेता कुमारी ने इस पर आपत्ति जताई, तो वहीं पर खड़े होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ता से गाली-गलौज की।

## देश के कई हिस्सों में फिर लौटेगी ठंड, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी; 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड एक बार फिर दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी और बारिश:** मौसम विभाग के अनुसार, 23 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 22 जनवरी को राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

**हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी:** हिमाचल प्रदेश में बुधवार और गुरुवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि, इसके बाद 27 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार, हंसा और काजा में क्रमशः 2.5 सेमी और 0.8 सेमी बर्फबारी दर्ज की गई है।

**दिल्ली-एनसीआर में ठंड और कोहरा:** दिल्ली-एनसीआर में 23 जनवरी के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान है। 24 जनवरी को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर कोहरा छाने की संभावना है,



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल बेलगावी में सुवर्ण विधान सौधा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान।

## हमने करवाया था प्रयागराज महाकुंभ में सिलेंडर ब्लास्ट: खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि इस घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (चंस्न) ने ली है। संगठन ने इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि यह पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला है। यह ब्लास्ट ष्टरू योगी को केवल अलर्ट है। यह शुरुआत है। हालांकि इस ईमेल की सत्यता की पुष्टि कोई नहीं करता।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में श्रीकरपात्र धाम वाराणसी और गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लगने से फूस और बांस के बने 280 कॉटेज जलकर राख हो गए थे। इन कॉटेजों में रखे 13 एलपीजी सिलिंडर भी आग की चपेट में आकर फट गए और अफरातफरी मच गई थी। इस दौरान पांच बाइकें और पांच लाख रुपये की नकदी भी जल गई थी। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बीते साल 23 दिसंबर को पुलिस ने 3 खालिस्तानी आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया था। पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने ये जॉइंट ऑपरेशन किया था। सभी आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (चंस्न) के सदस्य थे।

## भाजपा वाले गरीब तबके को राक्षस की तरह निगल जाएंगे : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के रावण के सोने के हिरण बनने को लेकर बयानबाजी जारी है। भाजपा अरविंद केजरीवाल को बयान के लिए घेर रही है। दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन भी किया गया। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि ये लोग रावण की इतनी पैरवी क्यों कर रहे हैं। ये राक्षसी प्रवृत्ति के हैं और अगर दिल्ली की जनता ने इन्हें चुना, तो ये गरीब तबके के लोगों को राक्षस की तरह निगल जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने कल एक जनसभा में कहा था कि रावण सोने का हिरण बनकर आया था और सीता मैया उस सोने के हिरण पर मोहित हो गई। इस पर भाजपा वालों का कहना है कि रावण नहीं, मारीच राक्षस सोने का हिरण बनकर आया था। इसके लिए मेरे घर के सामने पूरी भारतीय जनता पार्टी धरने पर बैठी है। भाजपा का कहना है कि मैंने रावण का अपमान क्यों किया। इनको रावण से इतना प्यार है, ये राक्षसी प्रवृत्ति के लोग हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली के झुग्गी वालों और गरीब तबके को खासकर बताना चाहता हूं कि अगर ये सत्ता में आ गए तो ये आप लोगों को राक्षसों की तरह निगल जाएंगे। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद से भाजपा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई बयान जारी किए। वहीं, मंगलवार को अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर धरना प्रदर्शन भी हुआ है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने अरविंद केजरीवाल को कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल उठाए हैं कि उन्हें रामायण और सीता माता के बारे में कुछ पता ही नहीं है और उन्होंने सीता माता का अपमान किया है।

## अभिनेता सैफ अली खान के घर पहुंची पुलिस, पूरे क्राइम सीन को किया रीक्रिएट

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस मंगलवार सुबह अभिनेता के घर पहुंची और पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। इस दौरान पुलिस अभिनेता पर हमला करने वाले आरोपी को भी साथ लेकर आई थी, ताकि पूरे क्राइम सीन को समझा जा सके।

पुलिस ने आरोपी से यह जाना कि आखिर उसने कैसे सैफ पर हमला किया था? क्राइम सीन रीक्रिएट करते समय आरोपी ने भी पुलिस को सबकुछ बताया कि वह कैसे सैफ के घर में घुसा था। उधर, पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के बाद अब पुलिस को आगे की जांच करने में मदद मिलेगी। पुलिस किसी भी आपराधिक घटना की गहन तफ्तीश के लिए आरोपी को उस घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करती है, ताकि पूरी स्थिति को समझा जा सके। इससे पहले फॉरेंसिक विभाग की टीम ने अभिनेता के घर पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्रित किया था।



श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के साधुओं ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान पट्टाभिषेक अनुष्ठान किया.



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी का आनंद ले रहे हैं।

# मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में- नितिन गडकरी

पणजी (आरएनएस)। गोवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक मंच से बताया कि उनकी असल रुचि किस चीज में है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने ये भी बताया कि जिस विषय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है उसके प्रति वो जुनूनी हैं।

उन्होंने ये बातें गोवा में फैशन डिजाइनर रितू बेरी के फंक्शन में अपने संबोधन के दौरान कही। गडकरी ने कहा, जहां एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सुकून की तलाश के लिए लोग बड़ी संख्या में गोवा का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब यहां पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसके बाद उन्होंने अपनी रुचि पर बात की। बोले, गोवा में बुनियादी ढांचे का विकास मेरे जिम्मे है, और मैं इस काम के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। हालांकि, मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है।

गोवा की खूबसूरती और विकास की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे गोवा के इस विकास कार्य के बारे में सुनकर खुशी होती है, विशेषकर उन परियोजनाओं के बारे में जो हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ी हुई हैं। गोवा पर्यटन के लिहाज से एक बेहद आकर्षक स्थान है, और इसकी खूबसूरत प्रकृति की वजह से यहां दुनियाभर के लोग आते हैं। फिर केंद्रीय मंत्री ने अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। बोले, मैं वर्तमान में जोहरी ब्रिज पर एक दर्शक दीर्घा बना रहा हूं, जहां से आप गोवा के सुंदर दृश्य देख सकते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य गोवा की खूबसूरती को और भी लोगों तक पहुंचाना है। हालांकि, गोवा में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या से समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में भी देखा जा सकता है। फिर भी, गोवा की सुंदरता और यहां के प्राकृतिक संसाधन इसे एक आदर्श स्थान बनाते हैं। उन्होंने फैशन डिजाइनर रितु बेरी से एक गुजारिश भी की। कहा, मैं रितु जी से एक निवेदन करूंगा कि यदि आप लोगों को प्रशिक्षित कर सकें, क्योंकि कोई भी व्यक्ति सिद्ध नहीं होता और हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए। इस ज्ञान को धन में बदलना और रोजगार की संभावनाएं बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं हमेशा मानता हूं कि नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, कौशल और सफल प्रथाएं ही ज्ञान का असली रूप हैं।



निर्देशक राम गोपाल वर्मा सात साल से चल रहे चेक बाउंस मामले में दोषी पाए गए हैं। मुंबई के अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मंगलवार को इस मामले में सजा सुनाई है। अदालत ने निर्देशक को तीन महीने की साधारण कैद की सजा हुई है। तेलंगाना टुडे की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है। आउटलेट के अनुसार, सात साल तक मामले की सुनवाई के बाद मुंबई कोर्ट ने वर्मा के नाम पर गैर-जमानती वारंट जारी किया है।

# स्वीट ड्रीम्स में महात्वाकांक्षी है मेरा किरदार : मिथिला पालकर



अपकमिंग फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' का ट्रेलर आउट हो चुका है। रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपने किरदार दीया के बारे में प्रशंसकों को बताया कि वह महत्वाकांक्षी है और सामान्य जीवन से कुछ अधिक पाने की चाह रखती है।

विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में तैयार 'स्वीट ड्रीम्स' सपनों की दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला पालकर ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिसे कई लोग आसानी से खुद के साथ जोड़ पाएंगे। वह थोड़ा उलझनों में रहती है और महत्वाकांक्षी है। वह कुछ पाने की चाह रखती है। केनी के साथ उसके सपने केवल रोमांस की वजह से नहीं जुड़े हैं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग एक भावनात्मक सफर की तरह थी और मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर दर्शकों को उस जादू की झलक देगा जिसे हमने बनाने की कोशिश की है। विक्टर सर की दूरदर्शिता और अमोल जैसे शानदार सह-कलाकार के बिना यह संभव नहीं हो सकता था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म के साथ हमें उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म की मदद से काफी आगे बढ़ने में सफल होंगे।

फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी अहम रोल में हैं। मुकुंद सूर्यवंशी, शुभम शिरुले, देव अरिजीत और आकाशदीप सेनगुप्ता की प्रतिभाशाली टीम द्वारा तैयार फिल्म का साउंडट्रैक, मनमौजी और आनंद से भरा है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमोल पाराशर ने कहा, केनी एक ऐसा किरदार है जो अपने अतीत और मार्मिक संबंध की संभावना के बीच फंसा हुआ है।

### विक्की कौशल की छावा' का नया पोस्टर रिलीज, संभाजी महाराज से जुड़े खास दिन पर ट्रेलर की तारीख का ऐलान

'छावा' के मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। विक्की कौशल अभिनीत इस फिल्म के ट्रेलर की तारीख भी मेकर्स ने साझा की है।

फिल्म का नया पोस्टर एक खास वजह से रिलीज किया गया है। साथ ही क्या है ट्रेलर की तारीख? फिल्म 'छावा' का पोस्टर इसलिए रिलीज किया गया है क्योंकि 344 साल पहले इस दिन उनका राज्याभिषेक हुआ और एक महान विरासत का आरंभ हुआ। छत्रपति संभाजी महाराज की इसी गौरव गाथा को फिल्म 'छावा' में दिखाया जाएगा। उनके अदम्य साहस की कहानी को सिनेमा के पर्दे पर लाया जाएगा।

मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म 'छावा' को प्रोड्यूस किया है। इसके डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा।

# करिश्मा तन्ना ने एथनिक आउटफिट पहन फैंस के बीच बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस खो बैठे होश



टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा सुंदर और स्टनिंग नजर आ रही हैं। करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉटनेस इंटरनेट का पारा हाई कर देती हैं। उनका किलर और ग्लैमरस अवतार देखकर अक्सर फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में करिश्मा तन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने इंडो-वेस्टर्न लुक में रेड ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी स्टाइल में लुक कर के, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर लाइक्स किया है। वहीं, कुछ यूजर्स गॉर्जियस, वाओ, चार्मिंग, सो ब्यूटिफुल कॉमेंट्स कर के लिख रहे हैं। करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

**पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 46वें दिन लगाई जमकर दहाड़, सातवें संडे भी करोड़ों में कमाई की**

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को रिलीज हुए 46 दिन बीत चुके हैं और अब तक फिल्म में वो जोश बाकी है, जो हालिया रिलीज फिल्मों को टक्कर देने के लिए काफी है। सुकुमार निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 ने 46वें दिन भी धमाल मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसा लग रहा था कि हालिया रिलीज इमरजेंसी और आज़ाद की वजह से पुष्पा 2 का गेम

# बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज, 8 दिनों में 150 करोड़ का आंकड़ा पार

बीते दिनों मकर संक्रांति के मौके पर कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. जिसमें गेम चेंजर और फतेह बेहद खास थीं,लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों ही फिल्मों का काफी बुरा हाल देखने को मिला. मकर सक्रांति के आसपास करीब 20 फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन इन सभी फिल्मों को एक फिल्म ने तगड़ी धूल चटाई है.जिसने सिर्फ 8 दिनों में 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म का नाम डाकू महाराज है. डाकू महाराज 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में 64 साल के नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके), बॉबी देओल और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं. रिलीज के बाद से डाकू महाराज हर दिन ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. एनबीके की इस फिल्म को न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में दर्शकों का प्यार मिल रहा है. डाकू महाराज के मेकर्स की ओर से शेयर किए गए आंकड़ों को मुताबिक सिर्फ आठ दिन में एनबीके की फिल्म ने 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है. यह फिल्म नंदमुरी बालकृष्ण की सबसे बड़ी ओपनर है और मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह एक्टर के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हो सकती है. चूंकि अगले दो हफ्तों तक कोई बड़ी रिलीज नहीं है, इसलिए डाकू महाराज के लगातार चलने की उम्मीद है. डाकू महाराज में बॉबी देओल खलनायक की भूमिका में हैं. श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल, उर्वशी रौतेला और चांदनी चौधरी सहित अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण के एक्शन को खूब पसंद किया जा रहा है. साउथ की इस फिल्म से पहले पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी.

# कन्नप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक आउट, हाथ में त्रिशूल-माथे पर भस्म-नीलकंठ महादेव के रुद्र अवतार में नजर आए खिलाड़ी

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।

इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं।

अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय। मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**मिथिला पालकर और अमोल पाराशर की स्वीट ड्रीम का एलान, 24 जनवरी से डि नी+ हॉटस्टार पर होगा प्रीमियर**

इस महीने सिनेमाघरों में कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। वहीं, ओटीटी पर भी कमी नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में स्वीट ड्रीम्स भी है। अभिनेता मिथिला पालकर और अमोल पाराशर अभिनीत इस फिल्म की रिलीज डेट का मेकर्स ने एलान किया है।

यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आज डिज्नी हॉटस्टार ने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, जहां सपने शुरू होते हैं, वहीं से शुरू होती है केनी और दीया की कहानी! पोस्ट में बताया गया है कि फिल्म 24 जनवरी को दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन विक्टर मुखर्जी ने किया है। इसमें मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी हैं। फिल्म को ज्योति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रंजल खंधदिया ने प्रोड्यूस किया है।

### फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना ऐ मेरे वतन.... रिलीज, 24 जनवरी को सिनेमा घरों देगी दस्तक

अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया है और गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती है।

प्रशंसक तो यही कयास लगाए रहे हैं। खुद अक्षय को भी अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं। पिछले दिनों फिल्म का गाना रंग रिलीज हुआ था और अब इसका नया गाना ऐ मेरे वतन के लोगों रिलीज हो गया है। अक्षय ने गाने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, देश के लिए शहीद हुए हमारे वीर जवानो को विनम्र श्रद्धांजलि। गाने में अक्षय और वीर पहाड़िया देशभक्ति के रंगे में डूबे हुए हैं, वहीं लता मंगेशकर की आवाज तो पहले ही इस गीत को अमर कर चुकी है। स्काई फोर्स में अक्षय के साथ सारा अली खान और निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

# खाना खाने के तुरंत बाद लग जाती है भूख? जानिए ऐसा होने के कारण



कई बार ऐसा होता है कि भोजन करने के बाद भी पेट नहीं भरता और भूख लगती रहती है। ज्यादातर लोग ऐसा होने के कारण से अनजान हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से इन्हें जानना जरूरी है।

अगर आप संतुलित डाइट नहीं लेते या अधिक ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला खाना खाते हैं तो इसका तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।

आज के लेख में हम जानेंगे कि भोजन करने के बाद भी पेट न भरने के कारण क्या हैं।

संतुलित डाइट न लेना

पेट भरने के लिए संतुलित डाइट लेना बेहद जरूरी होता है, जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हों। हालांकि, जिन लोगों के खान-पान में प्रोटीन, फाइबर और स्वस्थ वसा कि कमी होती है, उन्हें बार-बार भूख महसूस हो सकती है।

भोजन की तृप्ति प्रदान करने की क्षमता उसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और फाइबर की मात्रा पर निर्भर करती है।

ये तत्व भूख वाले हार्मोन को नियंत्रित करते हैं और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं।

जल्दी-जल्दी भोजन करना

जल्दी-जल्दी खाना और भोजन को ठीक तरह से न चबाना भी तृप्ति की भावना पर असर डाल सकता है।

जब आप बहुत जल्दी-जल्दी खाते हैं, तो आप अपने दिमाग को यह महसूस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते कि आपका पेट भर गया है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि पेट दिमाग को यह संकेत भेजने में कम से कम 20 मिनट का समय लगाता है। इसके परिणामस्वरूप, आपको बार-बार भूख लग सकती है और आपका वजन बढ़ सकता है।

तनाव का शिकार होना

कई लोग तनाव से निपटने के लिए स्ट्रेस ईटिंग करने लगते हैं। इसका मतलब होता है चिंता को दूर करने के लिए भूख से अधिक खाना। ऐसा करने से कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि होने लगती है और तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है। एक अध्ययन में कहा गया है कि ऐसे लोगों को भूख लगने पर नहीं, बल्कि भावनाओं के असंतुलित होने पर भोजन करने की इच्छा जगती है।

अधिक जीआई वाला भोजन करना

किसी भोजन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) आपके ब्लड शुगर के स्तर के प्रभाव से मापा जाता है। कार्ब्स या शर्करा से भरपूर भोजन ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से वृद्धि और उसके बाद गिरावट का कारण बन सकता है। यह भी बार-बार भूख लगने का एक कारण हो सकता है। ऐसे में आपको अधिक जीआई वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए और संतुलित डाइट लेनी चाहिए।

डिहाइड्रेशन होनाझ

कभी-कभी प्यास लगने पर भी लोग भोजन कर लेते हैं, क्योंकि वह प्यास और भूख के बीच का अंतर नहीं समझ पाते हैं। इसका मुख्य कारण होता है डिहाइड्रेशन या पानी की कमी।

तो अगली बार जब आपको खाने के बाद भूख लगे तो एक गिलास पानी पिएं। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहेंगे, तो आपका पेट भी साफ रहेगा, तृप्ति की भावना भी बढ़ेगी और बार-बार भूख नहीं लगेगी।

# त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है चकोतरा, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके



त्वचा की देखभाल करने के लिए महिलाएं महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, कई ऐसे फल भी होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखाने में योगदान देते हैं।

ऐसा ही एक फल है चकोतरा, जिसे ग्रेपफ्रूट भी कहा जाता है। इस फल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ष्ट मौजूद होता है और यह त्वचा को हाइड्रेट करता है।

अगर आप त्वचा की देखभाल में इन तरीकों से चकोतरे को शामिल करेंगे, तो आपको बेदाग और चमकती हुई त्वचा मिलेगी।

चकोतरे और दही का स्क्रब

सामग्री: एक चम्मच सादी दही, एक चम्मच चीनी और एक बड़ा चकोतरा।

विधि: चकोतरे और दही का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोतरे का ताजा जूस निकाल लें। अब एक कटोरे में यह जूस डालें और उसमें चीनी और दही मिलाएं।

इस स्क्रब को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

फायदे: इसके जरिए आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और मृत त्वचा कोशिकाएं दूर होंगी।

चकोतरे और एलोवेरा का टोनर

सामग्री: एक बड़ा चकोतरा, एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आधा कप पानी।

विधि: चकोतरे और एलोवेरा का टोनर बनाने के लिए चकोतरे का जूस निकाल लें। अब एक साफ स्प्रे बोतल लें और उसमें यह जूस डालें।

इसमें एलोवेरा जेल और पानी डालें और अच्छी तरह हिलाएं। अपने चेहरे को धोने के बाद इस टोनर का इस्तेमाल करें।

फायदे: इस टोनर के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेट हो जाएगी और आपको जलन से छुटकारा मिलेगा।

चकोतरे और एवोकाडो का फेस पैक

सामग्री: आधा एवोकाडो, एक छोटे आकार का चकोतरा और एक चम्मच जैतून का तेल।

विधि: इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो को मीस लें और चकोतरे का जूस निकाल लें।

अब एक कटोरे में इन दोनों सामग्रियों को मिलाएं और जैतून का तेल भी शामिल करें। इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं, 15 से 20 मिनट तक सुखाएं और धो लें।

फायदे: यह फेस पैक आपके चेहरे को निखार देगा और त्वचा को मुलायम बनाएगा।

चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब

सामग्री: आधा चकोतरा, 3 चम्मच अंगूर के बीज का तेल और 2 से 3 चम्मच चीनी।

## शब्द सामर्थ्य -304

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाला 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | व |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना अधारताल में तुलसीराम कोरी उम्र 45 वर्ष निवासी अमखेरा ओम टेडर्स के बाजू से अधारताल ने सूचना दी कि उसके घर के बगल मे उसके चाचा गेंदालाल कोरी एवं उनके 2 बच्चे रहते हैं आज सुबह लगभग 8-30 बजे उसे पता चला कि उसके चाचा के लड़के कपिल कोरी उम्र 28 वर्ष ने बाथरूम में फासी लगा लिया है उसने जाकर देखा कपिल को चाचा चाची ने फासी से उतार लिया था कपिल के गले में रस्सी बंधी हुयी थी फांसी लगा लेने से कपिल की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



**संबल, आयुष्मान, कर्मकार मंडल, जन्म-मृत्यु, राजस्व, सुरक्षा पेंशन, लाड़ली लक्ष्मी योजना, और लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस संबंधी शासन की योजनाओं से हितग्राही हुए लाभांवित**

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में 657 हितग्राहियों को मिला लाभ-लाभांवित हितग्राहियों में दिखा खुशी का माहौल

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हितग्राहियों ने धन्यवाद प्रगट किया -केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने हितग्राहियों को प्रदान किये हितलाभ**







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राँझी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के शिविर में 709 आवेदन हितग्राहियों से प्राप्त हुए जिसमें 657 का निराकरण कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में हितलाभ पाकर हितग्राहियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हितग्राहीमूलक जनकल्याण योजना से संबंधित लाभ दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने सभी चयनित एवं पात्र 657 हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की योजना म.प्र. कर्मकार मंडल योजना, संबल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, नो डयूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस का लाभ प्रदान किये गए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री शाह, राँझी मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सेंगर, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, नोडल अधिकारी अनिल विश्वकर्मा एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## भागवत श्रवण से ही पापों से मुक्ति संभव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री सदगुरुदेव सेवा समिति पुलिस कॉलोनी गढ़ा के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा को वृन्दावन धाम से पधारे स्वामी राम प्रपन्नाचार्यजी महाराज ने व्यास पीठ की पूजन अर्चन पश्चात आगे बढ़ाते हुए कहा भागवत कल्पतरु है। भागवत में समस्त समस्याओं का समाधान है।

लौकिक, भौतिक, मानसिक, शारीरिक कैसी भी समस्या हो भागवत श्रवण से समाप्त हो जाती है तथा उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मानव जीवन में संत और सत्संग उन्हीं प्राणियों को मिलता है जिन पर परमात्मा की असीम कृपा होती है । कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन जवाहर शाह, मनीष दुबे ने किया।आयोजन समिति के राजेश पटेल ने बताया की कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 तक चल रही है।हवन एवं भंडारा 29 जनवरी को होगा। इस अवसर पर डॉक्टर अरुण मिश्रा ने महाराज श्री का श्रीफल एवं शाल से स्वागत किय अजय फौजदार एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, एडवोकेट राजकुमार अवस्थी वाहर पटेल भानु प्रताप सिंह गोविंद मेहरा,विनीत टहनगुरिया,के. एल. मेहरा, पी.सी.मेहरा एडवोकेट राजकुमार अवस्थी के साथ ही महिला मंडल की सुषमा बसेडिया रजनी पटैल, रामवती चौबे लक्ष्मी लोधी, प्रमिला राजपूत किरण मेहरा संध्या अवस्थी,वंदना फौजदार उपस्थित थे।

## रेल राज्यमंत्री ने किया संगम क्षेत्र स्थित उत्तर मध्य रेलवे के मेला शिविर का निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने अपने 2 दिवसीय प्रयागराज दौरे के क्रम में महाकुंभ -2025 के अवसर पर संगम क्षेत्र स्थित उत्तर मध्य रेलवे के मेला शिविर का निरीक्षण किया । इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने महाकुंभ -2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम क्षेत्र में स्थापित किए गए मेला शिविर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने यात्रियों से रेलवे उनका हालचाल पूछा एवं टिकट काउंटर व पूछताछ केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों से उपलब्ध सुविधाओं के विषय में जानकारी ली । केंद्रीय राज्य मंत्री ने महाकुंभ में सेवा और सहायता के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मचारियों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने मेला शिविर में टिकट के लिए लाइन में लगे यात्रियों से रेल सुविधा और व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। यात्रियों ने रेल की व्यवस्था को बहुत सराहा।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, श्री वी. सोमन्ना ने मेला शिविर में मीडिया कर्मियों से वार्ता के दौरान कहा कि रेलवे गत 3 वर्षों से श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए तैयारी कर रहा था । महाकुंभ -2025 के दौरान रेलवे 3000 स्पेशल एवं 10000 नियमित गाड़ियों सहित 13000 से अधिक रेल गाड़ियां परिचालित कर रहा है । महाकुंभ देश और रेलवे के लिए एक एतिहासिक अवसर है । रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी पूरी क्षमता और पूरी निष्ठा से दिन रात कार्य कर रहे हैं । महाकुंभ -2025 का विशाल आयोजन माननीय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व से ही संभव हो सक रहा है । इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अच्छा कार्य किया है ।

ज्ञात हो कि केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने बीते कल दिनांक 22 जनवरी, 2025 को प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के निरीक्षण के दौरान मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष, मेडिकल बूथ, यात्री आश्रय एवं मेला टॉवर का निरीक्षण किया था । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष में चिकित्सा सुविधा ले रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की थी। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार किए गये लीफलेट, कलर कोडिंग व्यवस्था एवं आधुनिक तकनीक से युक्त मेला टॉवर की प्रशंसा की थी । केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की भी सराहना की थी।

## प्रधानमंत्री गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मेडिकल रिप्रसनटेटिव एमआर को दुर्घटना बीमा व स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने की मांग

तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मेडिकल रिप्रसानटेटिव एमआर की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है. जिसमें कहा गया है कि दवाई कंपनियों के विक्रय के लिए देशभर में शहर और गांव का दौरा करने वाले एमआर कई बार दुर्घटना का शिकार होते हैं जिनसे ना केवल गम्भीर घायल होते हैं बल्कि से उनकी मृत्यु भी हो जाती है. कुछ घायल तो हमेशा के लिए अपंग हो जाते हैं. लिहाजा सरकार उनका एसबीआई की तरह दुर्घटना बीमा कराए जो 1000 एक हज़ार में 30 लाख का कवर करता है है और आयुष्मान से 5 लाख की स्वस्थ बीमा योजना लाभ प्रदान किया जाए. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया, डॉ. अजय वाधवानी अध्यक्ष जबलपुर, डॉ. अभिजीत जैन ,एड भावना निगम ,एड आशीष त्रिपाठी ,डॉ. आशीष डेंगरा,डॉ. प्रशांत जैन ,डा अश्विनी पाठक ,डा. दिगंत पाठक,डा. ऋषि उपाध्याय ,एड रोशन मंध्यानी,एड अंकित मिश्रा ,एडसाक्षीभारद्वाज, कमरुल इस्लाम ख़ान ,आमोद गुप्ता, अजय चौहान ने कहा है कि दवा कंपनियों के उत्पादों को बढ़ावा देने और डाक्टरों व कंपनियों के बीच समन्वय बनाने वाले एमआर दुर्दशा का शिकार हैं ऐसे में उन्हें बीमा का लाभ प्रदान कर उनको राहत देना एक बड़ा बदलाव होगा.

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कटंगी, बालाघाट, मध्य प्रदेश में नया बैंकिंग आउटलेट खोला

बालाघाट, जबलपुर, मध्य प्रदेश- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ कटंगी, बालाघाट, मध्य प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करने की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने मध्य प्रदेश में कुल 50 बैंकिंग आउटलेट्स और देशभर में 1043 आउटलेट्स की उपस्थिति सुनिश्चित की है। कटंगी, बालाघाट के निवासी बैंक की व्यापक बैंकिंग उत्पादों की श्रृंखला का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट शामिल हैं। बैंक विभिन्न ऋण उत्पादों की भी पेशकश करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक की इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए श्री गोविंद सिंह, एमडी और सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, कटंगी, बालाघाट में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन मध्य प्रदेश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे उद्देश्य में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सोनपुर स्वतंत्र मेला का आयोजन 26 जनवरी से



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सोनपुर स्वतंत्र मेला का? आयोजन आजादी के अमृत काल, गणतंत्र राष्ट्र के 76वे, पर्व के उपलक्ष्य पर 26 जनवरी से 31 जनवरी तक सोनपुर वार्ड क्र.79 जबलपुर में आयोजित हो रहा है। मेले की मुख्य विशेषता धार्मिक, कार्यक्रम:- पंच कुडीय गायत्री यज्ञ गायत्री परिवार द्वारा भजन, रामायाण की प्रस्तुति, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम:- देश भक्ति से ओत-प्रोत कविताओं, गीतों की मनमोहक प्रस्तुति, फागों का प्रदर्शन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न विषय पर आधारित झाकियों की प्रस्तुति आदि, अनोखी मनोरंजक गतिविधि: ड्रोन शो, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, विशाल पतंग प्रदर्शन, स्थानीय प्रतिभाशाली युवाओं का विभिन्न विधाओ / कलाओं का प्रदर्शन, तंबोला, आदि, मैजिक शो, महाविज्ञान एवं तकनीकी गतिविधि: ड्रोन शो, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन प्रतियोगिता शामिल हैं। मेले में कबड्डी, दौड़,चम्मच दोड़, गिल्ली डंडा, भौंरा आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। पत्रकार वार्ता सुमित यादव के अलावा समिति के सदस्य शामिल रहे।

## केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने महा कुंभ की व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा की, जो देश और रेलवे दोनों के लिए एक ऐतिहासिक घटना को चिह्नित करती है

**मौनी अमावस्या के लिए एक ही दिन में 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन एक नया रिकॉर्ड**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने प्रयागराज की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान महा कुंभ 2025 के अवसर पर संगम क्षेत्र में स्थित मेला शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रयागराज के संभागीय रेलवे प्रबंधक श्री हिमांशु बदोनी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने महा कुंभ 2025 के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए संगम क्षेत्र में स्थापित मेला शिविर की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यात्रियों से बातचीत की और उनकी भलाई के बारे में पूछताछ की। उन्होंने टिकट काउंटरों पर काम करने वाले कर्मचारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछताछ केंद्रों से प्रतिक्रिया भी ली। मंत्री ने महाकुंभ के दौरान सेवा और सहायता प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों की सराहना की। यात्रा के दौरान, उन्होंने मेला कैंप में टिकटों के लिए लाइन में इंतजार कर रहे यात्रियों से भी बात की और रेलवे सेवाओं और व्यवस्थाओं पर उनकी प्रतिक्रिया एकत्र की। यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था की बहुत सराहना की। मेला शिविर में मीडिया के साथ बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे पिछले तीन वर्षों से तीर्थयात्रियों की सुविधा और सेवा के लिए तैयारी कर रहा था। महाकुंभ 2025 के दौरान, रेलवे 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा, जिसमें 3,100 से अधिक विशेष ट्रेनें और 10,000 नियमित ट्रेनें शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि महाकुंभ देश और रेलवे दोनों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात पूरी क्षमता और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन संभव हुआ। उन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। श्री सोमन्ना ने कल प्रयागराज जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने चिकित्सा अवलोकन कक्ष, चिकित्सा बूथ, यात्री आश्रयों और मेला टॉवर की समीक्षा की। उन्होंने मौनी अमावस्या के लिए निर्धारित महाकुंभ के सबसे बड़े पवित्र स्नान उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। प्रयागराज डिवीजन ने इस दिन 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है, जो भारतीय रेलवे के लिए एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर रही है।

महाकुंभ-2025 13 जनवरी को प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ शुरू हुआ। मकर संक्रांति पर, महाकुंभ के पहले अमृत स्नान (पवित्र स्नान) में पवित्र संगम में 3.5 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों की भागीदारी देखी गई, जो अपेक्षाओं से अधिक थी।

## आईजीएनटीयू ने युवा संगम चरण-V में हरियाणा के प्रतिनिधियों का स्वागत किया- छात्र मध्य प्रदेश की विरासत और सांस्कृतिक समामेलन का अनुभव करेंगे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एक भारत श्रेष्ठ भारत-भारत सरकार की एक पहल के अंतर्गत युवा संगम कार्यक्रम में प्रगति, प्रौद्यौगिकी, पर्यटन परम्परा, परस्पर संपर्क की अवधारणा पर हरियाणा राज्य के छात्र-छात्राओं का 45 सदस्यीय दल दिनांक 22.01.2025 को हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नेतृत्व में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक पहुंचा जहां दिनांक 23.01.2025 को कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन हरियाणा राज्य के छात्र छात्राओं और प्रतिनिधियों नोडल अधिकारी प्रो. राजेन्द्र प्रसाद मीना, प्रो. आशीष माथुर, डॉ. जितेन्द्र कुमार तथा डॉ. तन्वी भाटिया का माननीय कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी और विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों ने स्वागत कर किया। कार्यक्रम प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी माननीय कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में आई.ए.एस श्री महिपाल सिंह, एस.डी.एम राजेन्द्रग्राम रहे, तथा कार्यक्रम में प्रो. भूमिनाथ त्रिपाठी, डॉ. तरूण ठाकुर, डॉ. विकाश सिंह, सहित समस्त अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

## दावोस से अश्विनी वैष्णव के उद्धरण

जबलपुर - सबसे महत्वपूर्ण कारक जो दुनिया को जानना चाहिए वह विश्वास का तत्व है जिसे भारत ने अपनी विदेश नीति और प्रधान मंत्री की आर्थिक सोच के माध्यम से विकसित किया है। वे इसका अनुभव कर रहे हैं. उन्हें इसके पीछे की विचार प्रक्रिया को समझना चाहिए और उन्हें इसके पीछे के तर्क, व्यवस्थित सोच को समझना चाहिए। हम नई ट्रेनों, नए प्रकार के ट्रैक, ट्रैक के उन्नयन और हर क्षेत्र में रखरखाव के मामले में रेलवे के तकनीकी आधार में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम नवीनतम तकनीक प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में मंदी पर - अर्थव्यवस्था में तीन बड़े लीवर हैं - राजकोषीय नीति, मौद्रिक नीति और क्रेडिट नीति। आरबीआई का काफी समय से बहुत ही प्रतिबंधात्मक रुख रहा है, और तरलता को नियंत्रित किया गया है क्योंकि आरबीआई मुद्रास्फीति के दबाव पर एक बड़ा ब्रेक लगाना चाहता था।

## दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे छोटे से अंगद के लिए माता-पिता ने मिलाप के माध्यम से की 26 करोड़ की मदद की अपील



मध्य प्रदेश, भारत आरएनएस - दुर्लभ और घातक जेनेटिक बीमारी डुचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (छस्छ) से पीड़ित नन्हे अंगद के जीवन को बचाने के लिए उनके माता-पिता समय से पहले ही मदद जुटाने की कोशिश में लगे हैं।

डीएमडी एक ऐसी स्थिति है जिसमें धीरे-धीरे मांसपेशियां कमजोर होती है। इसमें बच्चों के हिलने-डुलने, सांस लेने के साथ ही अंतत: जीने की क्षमता खत्म हो जाती है।

अंगद के परिवार को नवंबर 2024 में इस बीमारी का पता चला है। तभी से परिवार हर पल उनके बच्चे के लिए एक उम्मीद की किरण की तलाश करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

अंगद के माता-पिता अब बैंगलोर में रहते हैं, मूल रूप से अलीगढ़ (यूपी) और जबलपुर (एमपी) से आते है। परिवार एलेविडिस जीन थैरेपी एक खुराक के लिए कोशिश कर रहा है। इससे डीएमडी की प्रगति को रोका जा सकता है। अंगद को इसके बिना मांसपेशियों की क्षति से लेकर कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंगद की माताजी एक प्रसिद्ध वैश्विक संगठन में सलाहकार थी। वे कहती है कि हमारा बेटा अंगद डीएमडी के कारण अपना बचपन खो रहा है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना लार्डगंज में रितेश साहू उम्र 23 वर्ष निवासी गली नम्बर 4 आगा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्कूल वेन चलाता है उसके बड़े भाई की शादी आगा लॉन में थी दुल्हन को चढ़ाने के लिये पिताजी ने जो जेवर बनवाये थे एक पेटी मे रखे थे पेटी हमारी घर की वेन एमपी 20 बीए 2861 में रखी थी और वेन को आगा लॉन के दूसरे गेट पर रखा था क्योंकि वहां पर कमरे लगे थे उसके पापा जब बजार से वापस लोटकर आगा लॉन आये देखा कि वेन का गेट खुला था वेन के अंदर देखा जेवर वाली पेटी नहीं थी

## जबलपुर से पुजारी का हार्ट भोपाल, लीवर इंदौर भेजा गया, दुर्घटना में हुए थे ब्रेनडेड, एम्बुलेंस नहीं आई तो पुलिस की गाड़ी से एम्स भेजा आर्गन

# आर्गन ट्रांसप्लांट के लिये पहली बार जबलपुर में एक साथ बने दो ग्रीन कॉरिडोर

### सागर जिले के ग्राम मानक्याई निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने जताई थी अंगदान की इच्छा



ब्रेन डेड मरीज का हार्ट और लीवर दो लोगों को देगा नया जीवन







मेडिकल कॉलेज से डुमना एयरपोर्ट और कोकिला रिसोर्ट के समीप अस्थाई हेलीपेड तक बनाये गये ग्रीन कॉरिडोरजिला प्रशासन ने रातों रात बनवाया तिलवारा के समीप हेलीपेड

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में सड़क दुर्घटना का शिकार होने से ब्रेनडेड हुए पुजारी बलिराम कुशवाहा के अंगदान से दो लोगों को नया जीवन मिलने की उम्मीद है. उनकी किडनी फेल होने के कारण इस्तेमाल नहीं की जा सकी लेकिन हार्ट व लिवर ट्रांसप्लांट के लिए लिए गए हैं. हार्ट को भोपाल के एम्स भेजने जबलपुर मेडिकल कॉलेज से डुमना एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बना कर रवाना किया गया है. वहीं लिवर के लिए तिलवारा में अस्पताल के नजदीक ही हेलीपेड बनाया गया. हेलिकॉप्टर से लिवर को डुमना एयरपोर्ट लाया गया. यहां से प्लेन के जरिए लिवर को इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल भेजा गया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार भोपाल एयरपोर्ट से एम्स तक लगभग 21 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था. जबलपुर से लाए ऑर्गन को एम्स में ट्रांसप्लांट के लिए पहुंचाया गया. सुबह 8 बजे से तैयारी चल रही थी. लगभग 11.30 बजे ऑर्गन भोपाल पहुंचे. हमने केवल 11 मिनट में उन्हें एयरपोर्ट से एम्स तक पहुंचा दिया. एंबुलेंस समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाई थी इसलिए पुलिस के वाहन से ही ऑर्गन को पहुंचाया गया. ग्रीन कॉरिडोर में लगभग 80 पुलिस जवान व अधिकारी तैनात थे. सूत्रों की माने तो यह एम्स भोपाल का पहला हार्ट ट्रांसप्लांट है. इसे इटारसी के 53 साल के मरीज को लगाया जा रहा है. उसका इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत चल रहा है. एम्स से चार डॉक्टरों की टीम रात 12.00 बजे जबलपुर के लिए निकली थी. सुबह करीब 10.50 बजे टीम हार्ट लेकर एयरपोर्ट पहुंची. इसके बाद स्टेट गवर्नमेंट के प्लेन से यह टीम दोपहर 12.00 बजे भोपाल पहुंची. फिर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भोपाल एयरपोर्ट से अगले 20 मिनट में टीम एम्स पहुंची. भोपाल एम्स में लंग व हार्ट ट्रांसप्लांट की मंजूरी 6 महीने पहले ही मिली है. इससे पहले प्रदेश के सरकारी व निजी अस्पतालों में मुख्य रूप से बोन मैरो, किडनी व लिवर ट्रांसप्लांट ही हो रहे हैं. लंग्स व हार्ट को दूसरे राज्यों के मरीजों को भेजना पड़ता था.

**रात भर की गई ग्रीन कॉरिडोर की तैयारी–**

जबलपुर में मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि सागर के मरीज बलिराम कुशवाह का मंगलवार को रोड एक्सीडेंट हो गया था. उन्हें मस्तिष्क में गंभीर चोटें आई थीं. प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जबलपुर के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रेफर किया गया. बुधवार को डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेनडेड घोषित कर दिया. ऐसे में परिजन ने अंगदान की इच्छा जाहिर की. इसके बाद यह पता लगाया गया कि अंगों की जरूरत कहां है. जानकारी मिली कि भोपाल एम्स में हार्ट ट्रांसप्लांट होना है. वहीं चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर में एक मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है. इस प्रक्रिया के लिए रात भर तैयारी की गई और ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया.

**सड़क पार करते वक्त मोटर साइकल सवार ने टक्कर मारी–**

मृतक के भतीजे विजय पटेल ने बताया कि बलिराम कुशवाहा मूलत﹦ सागर के रहने वाले थे. वे जबलपुर के सूरतलाई गांव में एक मंदिर की देखरेख का काम करते थे. 21 जनवरी की शाम करीब 7 बजे कटंगी रोड पर एक मोटरसाइकिल चालक ने रोड क्रॉस करते समय उनकी ट्राइसाइकिल को टक्कर मार दी. हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं. उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया. ब्रेनडेड घोषित किए जाने के बाद डॉक्टरों से सलाह–मशविरा कर परिजन ने अंगदान का फैसला लिया. उन्होंने हार्ट, लिवर व किडनी दान करने की सहमति दी थी. हालांकिए किडनी ने काम करना बंद कर दिया था. जिसके कारण किडनी का ट्रांसप्लांट नहीं हो सका. भतीजे ने बताया कि बलिराम अविवाहित और दिव्यांग थे. परिवार में भाई, भतीजा व भाभी हैं. डॉक्टर की सलाह पर हमने उनके अंगदान किए हैं. हम सभी को अच्छा लग रहा है कि उनके अंगदान से 2 लोगों को नई जिंदगी मिल जाएगी.

# फॉरच्यूनर कार-20 लाख रुपए न मिलने ससुराल वालों ने बहू को घर से भगाया, एक साल पहले हुई थी शादी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित करमेता माढ़ोताल क्षेत्र में रहने वाली महिला शोनाली शांडिल्य को ससुराल वालों ने दहेज न मिलने के कारण मारपीट कर घर से भगा दिया. ससुराल वालों द्वारा फॉरच्यूनर कार व 20 लाख रुपए की मांग की जा रही थी. पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर पति, सास, ससुर, देवर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार करमेता निवासी शोनाल शांडिल्य उम्र 20 वर्ष ने लिखित शिकायत देते हुए बताया कि 11 मार्च 2024 को उसकी शादी शुभम शांडिल्य से हुई. उस वक्त माता पिता ने दहेज में गृहस्थी का सारा सामान, तीन लाख रुपए नगद, सोने–चांदी के जेवर दिए थे. शादी के कुछ दिन बाद से ही पति शुभम व ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया. सास, ससुर, देवर, जेठ जेठानी एवं मामी सास का लड़का करन सिंगारे उसे परेशान करने लगे.

पति शुभम द्वारा माता पिता से बात करने तथा मायके जाने से मना करने लगा. ससुर हेमंत शांडिल्य उसके माता पिता और उसके साथ गाली गलौज करने लगा. देवर करन सिंगारे उसपर दिन भर नजर रखता था ससुराल वाले बोलते थे कि तुम्हारे घर से दहेज बहुत कम आया है मकान का होम लोन चल

# किसान की हत्या कर नहर में फेंकी बाइक

### पनागर थाना क्षेत्र की घटना, दो आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी निवासी 36 वर्षीय किसान की हत्या उसके दो साथियों ने कर दी। हत्या करने के बाद उसकी लाश वहीं छोड़ी और उसकी बाइक को घटनास्थल से करीब ढाई किलोमीटर दूर ले जाकर नहर में फेंका और अपने घरों में जाकर सो गये। उधर किसान के वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो हत्या का राज खुला, उसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों आरोपी साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बम्होरी निवासी रवींद्र पटैल खेती–किसानी करता था। वह सोमवार को घर से निकला और अपने साथियों शिवम भूमिया व आनंद भूमिया के साथ नेशनल हाईवे में खाली पड़े प्लॉट के पास पहुँचा था। वहाँ पर तीनों ने पार्टी की, इस दौरान किसी बात को लेकर विवाद होने पर दोनों साथियों ने मिलकर रवींद्र से मारपीट कर सिर पर लकड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वारदात छिपाने की नियत से उसकी बाइक को करीब ढाई किलोमीटर दूर स्थित नहर में फेंक दिया। रक्तरंजित शव बरामद हुआ उधर मंगलवार को परिजन रवींद्र की तलाश में निकले तो नेशनल हाईवे के पास नहर के किनारे रवींद्र का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। परिजनों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पीएम के लिए भेज जाँच–पड़ताल शुरू की। जाँच के दौरान पता चला कि रवींद्र अंतिम बार शिवम और आनंद के साथ देखा गया था। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की तो दोनों ने हत्या की वारदात करना कबूल किया। नशे की हालत में गाली–गलौज पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीनों ने पहले शराब का सेवन किया था। उसके बाद मृतक उनके साथ गाली–गलौज करने लगा था। विरोध करने पर विवाद बढ़ा जिसके बाद उन्होंने सेंटरिंग के पटिया से हमला कर हत्या कर दी थी।

# मुख्यालय में सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** ओल्ड इज गोल्ड की कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी। भारतीय रेलवे भी अपनी पुरानी यादों को सहेज व संजोकर भविष्य में आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षित एवं सुरक्षित रखने में पीछे नही है। पश्चिम मध्य रेल ने भी अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय कार्यालय के उद्यान में स्थापित भारतीय रेलवे की बहुमूल्य विरासत रेल इंजन सम्राट हेरिटेज लोको नं. 517 ‘ष्ठस्र्ऽ के बारे में उल्लेखनीय जानकारी है कि डीजल लोकोमोटिव नंबर 517 ‘ष्ठस्र्ऽ भारतीय रेलवे के कारखाना चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्लू) द्वारा वर्ष 1991 में निर्मित हुआ था। धौलपुर शेड के इस लोकोमोटिव ने 33 वर्षों तक भारतीय रेल के मध्य भारत के विभिन्न मार्गों पर निरंतर अपनी सेवायें प्रदान करते हुए देश के रेल परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस लोकोमोटिव में डीजल–इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन के साथ–साथ 450 एचपी का इंजन लगा था, जिससे यह लोकोमोटिव 50 किमी प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम था। उस समय यह नैरो गेज लोकोमोटिव विश्व में सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव के नाम से भी प्रचलित था।

महाप्रबंधक कार्यालय उद्यान में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कर–कमलों द्वारा गुरुवार 23 जनवरी 2025 को सम्राट हैरिटेज लोको स्मारक का अनावरण किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि भारत की समृद्ध रेल विरासत को संजोये रखने के उद्देश्य से इस लोकोमोटिव को पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय में स्थापित किया गया है, यह लोको रेल कर्मचारियों के साथ–साथ आमजन को रेलवे के प्रति उत्सुकता के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक/प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री नितिन चौधरी एवं प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी और मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री अनुराग पाण्डेय सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय एवं मण्डल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में इस ऐतहासिक धरोहर सम्राट हैरिटेज लोको के साथ सेल्फी लेते हुए उपस्थिति दर्ज की।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं बाल ठाकरे की जयंती पर पुष्पांजलि



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** दृढ इक्छा शक्ति के आधार पर जीवन की समस्त चुनौतियों का सामना कर सफलता की ओर बढा जा सकता है। इस बात की प्रेरणा हमें निरंतर महापुरूषों का जीवन देता है, कि हमें निरंतर अपने कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करते हुये हम अपने साथ राष्ट्र को भी गौरव दिला सके, उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूगां का जयघोष करने वाले वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के मुख्य संगठक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं हिन्दू ह्दय सम्राट बाल ठाकरे की जयंती के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रांरभ अतिथियों द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं हिन्दू ह्दय सम्राट बाल ठाकरे के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा महापुरूषों के जीवन से जुडे संस्मरणों द्वारा उनका स्मरण करते हुये नैतिक मूल्यों पर विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, डा0 रेनू श्रीवास्तव, विवेक खरे,, संतोष श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 संदीप माथुर, डॉ0 सोनल खरे, रितेश श्रीवास्तव, एड. भानू श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, डॉ0 जे.एन. खरे, विजय श्रीवास्तव, नवनीत श्र ीवास्तव, डा0 शरद श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, रश्मि श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, राधा खरे, सौरभ खरे, शालिनी निगम, बीना श्रीवास्तव आदि ने महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित की।

समय सीमा में राशि न जमा करने पर अब व्यापारियों को कोई राहत नहीं की जायेगी प्रदान – निगमायुक्त

# मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 2012 में जारी गाइड लाइन के अनुसार नया बाजार मार्केट के व्यापारियों को देनी होगी बकाया राशि - निगमायुक्त

### नया बाजार मार्केट के सभी व्यापारियों को बकाया राशि जमा करने तीन दिन की मोहलत



**नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत् दुकानों में की जायेगी तालाबंदी ﹦जब तक राशि जमा नहीं होगी तब तक दुकानें रहेंगी सील**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नगर निगम स्वामित्व की नया बाजार मार्केट की दुकानों में किये गए अतिरिक्त निर्माण के नियमितिकरण के संबंध में आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से मानस भवन के स्मार्ट सिटी कार्यालय के मिनी हॉल में निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने निर्णय लिया कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 2012 में जारी गाइड लाइन के अनुसार ही बकाया किराया की गणना कर राशि वसूल की जायेगी और सभी व्यापारियों को उस गाइड लाइन के अनुसार ही राशि जमा करना अनिवार्य होगा। बैठक में निगमायुक्त ने यह भी कहा कि सभी नया बाजार मार्केट के व्यापारी तीन दिन के अंदर बकाया किराया की राशि गाइड लाइन के अनुसार निगम खजाने में जमा करें। 3 दिन के पश्चात व्यापारियों को कोई भी राहत प्रदान नहीं की जायेगी और सभी दुकानों में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत तालाबंदी की कार्रवाई की जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि जब तक पूरी राशि व्यापारीगण जमा नहीं करते तब तक दुकानों में तालाबंदी कर दुकानें सील रहेंगी। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# मारुति वेन में रखे दुल्हन के जेवर चोरी, आगा चौक क्षेत्र में घटना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित उजारपुरवा क्षेत्र में उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब मारुति वेन में रखे दुल्हन के जेवर चोरी हो गए. जेवर चोरी होने से घबराए परिजनों ने थाना लार्डगंज पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार आगा चौक गली नम्बर चार में रहने वाला रीतेश साहू स्कूल वेन चलाता है. 21 जनवरी को उसके बड़े भाई की शादी आगा लॉन से थी. दुल्हन को चढ़ाने के लिए पिता ने जो सोने के जेवर बनवाए थे, उक्त जेवर घर के सामने खड़ी मारुति वेन में रख दिए.



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

### द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ¸2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 534 Date-23/01/2025 2025_UAD_398028_1 | संभाग क्रंमाक –11 वार्ड क्रं. 79 में पिपरिया पंचायत भवन में वाचनालय खोले जाने हेतु भवन की रिपयेरिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य। | 02 माह<br>3.84 | 2000/–<br>3845/– | 05.02.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/271 2024-25 दिनांक 23/01/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000620601 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती तरनजीत कौर** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती रीता भूरा, पति- प्रफुल्ल भूरा** ने **मकान नं. 32/8 वार्ड क्र.-10, ...... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 336 व.फु., प्रथमतल 336 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/270 2024-25 दिनांक 23/01/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000512662 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती मनीषा गुप्ता, पति- अनीश गुप्ता** के स्थान पर आवेदक **श्री नीतेश चौरसिया, पिता- स्व. श्री रमेश चौरसिया** ने **मकान नं. 1161 से 1162 वार्ड क्र.-13, ...... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1740 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999